THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 217 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.12 2081 मंगलवार, 29 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

KEDIA सेजस्थान

महा दिवाली

धन बढ़ेगा, घर बसेगा

15 लाख का लाभ मिलेगा

दिवाली पर 15 लाख रेट बढ़ेगी !

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

## दिवाली बाद करोड़ों में मिलेगी कोठी !

गिनती की कुछ ही कोठी बची हैं।

FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 63.45 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 70.50 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 77.55 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 84.60 LACS | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 98.70 LACS | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.41 CRORE | 50,000 |

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

POSSESSION: DEC. 2025

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट



KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

*T&C Apply

समाज बन्धुओं को धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
मोहनलाल हाम्बड़
अध्यक्ष सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
C.Mohanlal Choudhary Jewellers
Kushaiguda * Keesara, Hyderabad 9948177436

समाज बन्धुओं को धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
नारायणलाल काग
सचिव सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
Jai Ambe Jewellers Ram Nagar
9849722490

समाज बन्धुओं को धनतेरस - दिपावली की हार्दिक बधाई
लाबुराम पंवार
अध्यक्ष सीरवी शिक्षा समिति तेलंगाना पारसीगुटा
एल. राजेन्द्र ज्वैलर्स, सनतनगर
एल. राजेन्द्र ज्वैलर्स, के.पी.एच.बी. हैदराबाद

धनतेरस व दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
रमेश चौधरी
सहसचिव सीरवी शिक्षा समिति तेलंगाना पारसीगुटा
रमेश इलेक्ट्रीकल्स कुशाईगुडा

समाज बन्धुओं को धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
खंगारसिंह लचेटा
कोषाध्यक्ष सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
Mahalaxmi Traders Gayatri Nagar Borabanda
Mukesh Bath & Paints Moti Nagar Borabanda 9985496414

समाज बन्धुओं को धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
कोषाध्यक्षा सीरवी महिला मंडल एवं कार्यकारिणी सदस्य सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
नीलु लचेटा
कोषाध्यक्षा
Mukesh Marketing Gachibowli
9985269914, 9985434368
मुकेश गेहलोत
कार्यकारिणी सदस्य

धनतेरस व दिपावली की बधाई
पप्पूलाल प्रजापति
(पुष्पेन्द्र कुमार)
चैयरमैन
प्रजापति समाज कटेदान हैदराबाद
विमला ज्वैलर्स-पॉन ब्रोकर्स चम्पापेट

धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएँ
तेजाराम बेतेड़िया
(रवि, लोकेश प्रजापति)
पूर्व अध्यक्ष प्रजापति समाज काटेदान
PRAJAPATHI & ASSOCIATES
ATTAPUR, HYDERABAD.

धनतेरस व दिपावली की शुभकामनाएँ
प्रकाश सेपटा
सचिव सीरवी समाज
एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन
श्री गणेश एजेन्सीज
एल.बी.नगर, रिंग रोड के पास, हैदराबाद

धनतेरस व दिपावली की हार्दिक बधाई
मोहनलाल चोयल
सहसचिव
सीरवी समाज एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन
हनुमान प्लाईवुड, चन्द्रा ज्वैलर्स एल.बी.नगर

धनतेरस व दीपावली की बधाई
जगदीशप्रसाद काग
पूर्व अध्यक्ष, सीरवी समाज
एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन
श्री जगदीश ज्वैलर्स एल.बी.नगर हैदराबाद

धनतेरस व दिपावली की बधाई
हार्दिक शुभकामनाएँ
पुनाराम हाम्बड़
पूर्व सचिव
सीरवी समाज पारसीगुटा
रामदेव इलेक्ट्रीकल्स चकरीपुरम, नागारम

धनतेरस व दिपावली की शुभकामनाएँ
जगदीश काग
सलाहकार सीरवी समाज शमशाबाद
गणेश ज्वैलर्स, राजेन्द्रनगर हैदराबाद

धनतेरस व दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
ओंकारलाल हाम्बड़
पूर्व अध्यक्ष
सीरवी समाज मल्लापुर हैदराबाद
बालाजी ज्वैलर्स एचएमटी नाचारम

धनतेरस व दिपावली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ
जगदीश देवासी (लितरिया)
पूर्व अध्यक्ष देवासी समाज संघ, हैदराबाद–सिकंदराबाद

धनतेरस व दिपावली की शुभकामनाएँ
शंकरलाल सोलंकी
अध्यक्ष संत श्री राजारामजी कलबी समाज ट्रस्ट हैदराबाद–सिकंदराबाद (तेलंगाना)
9440024878
परमेश्वरा बैंगल्स् बेगम बाजार

धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएँ
विष्णु रामावत
अध्यक्ष तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल सिकंदराबाद
विपुल इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग कम्पनी ओल्ड भोईगुडा सिकंदराबाद

धनतेरस एवं दिपावली की बधाई
बाबूलाल वैष्णव
उपाध्यक्ष तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल सिकंदराबाद
बालाजी बाबुलाल पॉन ब्रोकर्स सुभाषनगर हैदराबाद

धनतेरस एवं दिपावली की बधाई
संतोषकुमार वैष्णव
महासचिव
तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल
बालाजी संतोषकुमार ज्वैलर्स
येलम्मबंडा कुकटपल्ली हैदराबाद

धनतेरस व दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
रामसिंह चौहान
* अध्यक्ष ऑल इंडिया राजस्थानी राजपूत प्रवासी फेडरेशन *
* अध्यक्ष भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ जालोर *

समाज बन्धुओं को धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ
प्रकाश आगलेचा
9177167753
अध्यक्ष सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
श्री भवानी मार्केटिंग बालापुर

धनतेरस - दिपावली की हार्दिक बधाई
चेनाराम सिन्दड़ा
9848306641
उपाध्यक्ष–2
सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
श्री जगदम्बा इलेक्ट्रीकल हार्डवेयर बडंगपेट हैदराबाद

धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई
पुखराज सोयल
9948282401
सचिव
सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
हनुमान इलेक्ट्रीकल सरूरनगर

धनतेरस व दिपावली की बधाई
रिड़मलसिंह परिहार
पूर्व अध्यक्ष, राजस्थानी राजपूत समाज हैदराबाद–सिकंदराबाद
एस.आर.एन.इंटरप्राईजेस
सी.टी.सी, पार्कलेन

धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई
दौलतराम पंवार
9848582121
कोषाध्यक्ष सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
जय भवानी इलेक्ट्रीकल हार्डवेयर मीरपेट

धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई
गोविन्दराम पंवार
9959494000
मीडिया प्रभारी
सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
रेनोवो हाउस बी.एन.रेड्डी नगर

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक बधाई
हीरालाल सेणचा
पूर्व सचिव सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
देवी इलेक्ट्रीकल्स वेन्कटेश्वरा कॉलनी, सरूरनगर, हैदराबाद

धनतेरस-दिपावली की हार्दिक बधाई
जगदीश काग
गौभक्त
भाग्यलक्ष्मी ज्वैलर्स कापरा, हैदराबाद

धनतेरस व दिपावली की हार्दिक बधाई
वेनाराम वरपा
9849515025
(पूर्व अध्यक्ष सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा)
वी.के.चौधरी ट्रेडर्स बालापुर

धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई
मगाराम परिहार
9440072932
पूर्व अध्यक्ष सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा
बालाजी ज्वैलर्स बालापुर एक्स रोड

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
धर्माराम कड़वा
कोषाध्यक्ष
वीर तेजा नवयुवक मंडल भोनगिरी
सलाहकार जाट समाज ट्रस्ट हैदराबाद
जय गणेश ज्वैलर्स
मैन रोड भोनगिरी

धनतेरस व दिपावली की बधाई
गोविन्द कागट (लहर)
पूर्व कोषाध्यक्ष वीर तेजा नवयुवक मंडल भुवनगिरी
पूजा ज्वैलर्स भोनगिरी

धनतेरस व दिपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ
प्रकाश सोयल
(गौभक्त)
प्रकाश इन्टरप्राईजेस नेरडमेट

धनतेरस व दिपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ
ओमप्रकाश चाँदोरा
पूर्व अध्यक्ष
कृष्णा कुमावत समाज बडंगपेट
देवी किराणा स्टोर नागरगुल सरूरनगर मंडल हैदराबाद

धनतेरस व दिपावली की शुभकामनाएँ
पवनकुमार सांगर
कोषाध्यक्ष
कुमावत समाज तेलंगाना
लक्ष्मी शॉपिंग मॉल, वनस्थलीपुरम

धनतेरस व दिपावली की हार्दिक बधाई
दीपक जकिया
अध्यक्ष
कुमावत मित्र मंडल बडंगपेट हैदराबाद तेलंगाना
जगदम्बा ज्वैलर्स बडंगपेट हैदराबाद




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com




वर्ष-29 अंक : 217 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.12 2081 मंगलवार, 29 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

# वडोदरा में बनेगा आईएएफ का 'महाबली'

## मोदी बोले-पॉसिबिलिटी को प्रॉस्पैरिटी में बदलने के लिए सही पार्टनरशिप जरूरी

वडोदरा, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय वायुसेना का 'महाबली' कहे जाने वाले सी-295 एयरक्राफ्ट अब भारत में ही बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने गुजरात के वडोदरा में देश के पहले प्राइवेट मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट प्रोडक्शन प्लांट का उद्घाटन किया। यह प्लांट भारत के प्राइवेट एविएशन इंडस्ट्री का पहला फाइनल असेंबली लाइन है। इसका मतलब है कि इस प्लांट से निकलने के बाद एयरक्राफ्ट सीधे उड़ान भरने के लिए तैयार होंगे। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में स्थित इस प्लांट में एयरबस सी-295 एयरक्राफ्ट तैयार किए जाएंगे।

ये प्रोजेक्ट एयरोस्पेस उद्योग, मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम और रक्षा क्षमताओं के लिए एक मील का पत्थर है। पीएम मोदी ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' के तहत ऐसे प्रोजेक्ट कई मायनों में हमारे लिए गेमचेंजर है। इस प्रोजेक्ट के आने से भारत में एयरक्राफ्ट निर्यात की महत्वाकांक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। 'मेक इन इंडिया' के तहत सी-295 एयरक्राफ्ट का निर्माण भारत के लिए गेमचेंजर क्यों है इन 5 प्वाइंट्स में समझिए। इसके बाद दोनों पीएम वडोदरा के लक्ष्मी विलास पैलेस पहुंचे, जहां पीएम मोदी ने स्पेन से आए डेलिगेशन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पीएम ने व्यापार संबंधी एमओयू पर साइन किए।



### हम सहयोग जारी रखने के लिए तत्पर हैं

लक्ष्मी विलास पैलेस में हुई द्विपक्षीय बैठक में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि जलवायु संकट, गरीबी और असमानता के खिलाफ लड़ाई के लिए सभी अंतर्राष्ट्रीय लीडर्स के प्रयासों और राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। इन मुद्दों से निपटने के लिए भारत का प्रभाव और नेतृत्व आवश्यक है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी, हम अपने महान सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

सांचेज ने आगे कहा, भारत न केवल इंडो-पैसिफिक बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। स्पेन लैटिन अमेरिका के साथ विशेषाधिकार प्राप्त संबंध बनाए रखता है, ऐतिहासिक संबंधों ने मध्य पूर्व, अफ्रीका में उपस्थिति बढ़ाई है और यह भू-राजनीतिक संरचना हमारे देशों को विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचने के कई अवसर प्रदान करती है। खास तौर पर भारत और स्पेन के भी कई लक्ष्य हैं, जिसमें बहुपक्षीय प्रणाली को मजबूत करना और दुनिया भर में शांति और लोकतंत्र को संरक्षित करना भी शामिल है। मैं आपको हाल ही में प्रधानमंत्री के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देता हूं। भारत आना मेरे लिए और स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल के लिए भी सम्मान की बात है। मुझे यकीन है, यह यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी और दुनिया भारत और स्पेन के विजन और प्रभाव का सम्मान करेगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि संस्कृति, पर्यटन समेत कई अन्य क्षेत्रों में हमारा सहयोग बढ़ता रहेगा। हमारे देश एक दूसरे के पूरक हैं।

### हमारी साझेदारी सदियों पुरानी है

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है। नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में आपकी अनुपस्थिति हम सभी को महसूस हुई। भारत में दिवाली के अवसर पर आपका स्वागत करने का अवसर पाकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। मैं वडोदरा में आपका स्वागत करता हूं, जिसने मुझे पहली बार संसद सदस्य बनाया। बाद में मैं प्रधानमंत्री बना। मुझे इस बात की भी खुशी है कि आप मेरे गृह नगर गुजरात आए हैं। इसलिए नहीं कि यह मेरा गृहनगर है, बल्कि इसलिए कि गुजरात को त्योहारों और समारोहों की भूमि माना जाता है। दिवाली प्रकाश, उत्साह, खुशी, ऊर्जा और नई शुरूआत का प्रतीक है। इस प्रकार आपकी यात्रा ने हमारे रिश्ते को एक नई ऊर्जा दी है।

## पीएम मोदी ने रतन टाटा को किया याद

वडोदरा, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के वडोदरा में टाटा के विमान विनिर्माण प्लांट का उद्घाटन किया। इस दौरान स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज भी उनके साथ रहे। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने रतन टाटा को याद किया और कहा कि देश ने एक महान सपूत खो दिया। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने भी इस मौके पर रतन टाटा को याद किया और कहा कि उनकी दूरदर्शिता की वजह से ही आज देश में विमान निर्माण प्लांट की शुरूआत हो रही है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हाल ही में हमने देश के महान सपूत रतन टाटा जी को खो दिया। अगर आज वो हमारे बीच होते तो उन्हें खुशी होती, लेकिन उनकी आत्मा जहां भी होगी, वो खुश होगी। ये सी-295 विमान फैक्ट्री नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाती है। जब मैं गुजरात का सीएम था, तब वडोदरा में ट्रेन के कोच बनाने के लिए फैक्ट्री लगाने का फैसला लिया गया था। रिकॉर्ड समय में फैक्ट्री को उत्पादन के लिए तैयार भी कर दिया गया।

## रूसी राजदूत ने भारत-चीन के बीच सीमा समझौते को बताया सकारात्मक कदम

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने भारत-चीन के बीच सीमा मुद्दे पर हुए समझौते को द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने हाल ही में रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक का भी स्वागत किया। अलीपोव ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को एक समावेशी मंच बताया। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, ब्रिक्स पश्चिम विरोधी नहीं बल्कि गैर-पश्चिम देशों का समूह है। यह 35 देशों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तारित प्रारूप में पहला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन था।

यह ग्लोबल साउत के लिए एक समर्पित मंच रहा है। यह वर्तमान वास्तविकताओं का प्रतिबिंब है। यह पश्चिम विरोधी प्लेटफॉर्म नहीं है, लेकिन यह एक गैर पश्चिमी प्लेटफॉर्म है। 40 से भी ज्यादा देशों ने इस प्लेटफॉर्म में शामिल होने की इच्छा जताई है।






# जीएम ने 'महीने का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी' सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किया

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने रेल निलयम, सिकंदराबाद में आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान 15 कर्मचारियों को महीने का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। महीने का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार उन कर्मचारियों को दिया गया जिन्होंने सतर्कता, कर्तव्य के प्रति समर्पण दिखाया और असुरक्षित स्थितियों को रोका। बैठक में एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ भाग लिया। सभी छह डिवीजनों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंटकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में शामिल हुए। महाप्रबंधक ने सिकंदराबाद मंडल-03, विजयवाड़ा मंडल-03, गुंटकल मंडल-04, नांदेड़ मंडल-03 तथा गुंटूर मंडल-02 के कर्मचारियों को सतर्कता दिखाने तथा असुरक्षित स्थितियों को रोकने के लिए समय पर कार्रवाई करने के लिए माह का सर्वश्रेष्ठ



कर्मचारी सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार के लिए चुने गए कर्मचारी विभिन्न श्रेणियों जैसे लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, तकनीशियन तथा पॉइंट्स मैन आदि से संबंधित हैं। महाप्रबंधक ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी तथा अत्यंत समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि ये पुरस्कार अन्य लोगों को भी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अत्यंत ईमानदारी तथा निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, जिससे रेलवे को ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में मदद मिलेगी। महाप्रबंधक ने जोन में पॉइंट्स तथा क्रॉसिंग की सुरक्षा पर रेलवे बोर्ड द्वारा समर्थित सुरक्षा अभियानों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभियानों का उद्देश्य उस विशेष क्षेत्र में सुधारात्मक कार्रवाई करना है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समस्या पर ध्यान देना पूर्ण समाधान नहीं है, मूल कारण का पता लगाना तथा यह सुनिश्चित करना कि वही समस्या दोबारा न हो।

अरुण कुमार जैन ने सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सुरक्षा हमारी मुख्य चिंता है और इसे हर समय सुनिश्चित किया जाना चाहिए तथा कर्तव्यों का निर्वहन करते समय शॉर्टकट पद्धति से बचना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों को ट्रेन संचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करने की सलाह दी। बाद में महाप्रबंधक ने जोन में चल रहे ट्रैक नवीनीकरण कार्यों की स्थिति पर डीआरएम के साथ चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यात्री ट्रेनों की समयबद्धता के नुकसान को कम करने के लिए सिग्नल, संचालन आदि सभी अन्य विभागों के समन्वय के साथ मानव और मशीनरी के सर्वोत्तम उपयोग के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाएं।

## ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी), हैदराबाद ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि विभागीय परीक्षणों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है। नवंबर, 2024 सत्र के लिए विभागीय परीक्षाएं कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पद्धति के साथ ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं हैदराबाद, रंगारेड्डी और मेडचल-मलकजगिरी जिलों सहित एचएमडीए क्षेत्राधिकार में आयोजित की जाएंगी। अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि वे टीजीपीएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

## स्कूली छात्रों ने एनजीओ को 1,07,500 रुपये किए दान

मेदक, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिद्दीपेट स्थित एंबिटस प्राइवेट स्कूल के छात्रों ने एकजुट होकर आईटीआरआर नामक एक गैर सरकारी संगठन को 1,07,500 रुपये का दान दिया है, जो हैदराबाद में दृष्टिबाधित लोगों के लिए एक घर का निर्माण कर रहा है। स्कूल के छात्रों और कर्मचारियों ने सोमवार को सिद्दीपेट एसीपी मधु के माध्यम से आईटीआरआर के प्रतिनिधियों को चेक सौंपा। मधु ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।




























स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 29 अक्टूबर- 2024

# क्या भारत को पाकिस्तान से सिंध प्रान्त वापस लेना चाहिए ?



अशोक भाटिया

अज़ब विडम्बना है कि जब भारत के राष्ट्रगान में सिंध है तो भारत की जमीन पर भी तो सिंध होना चाहिए। जब देश का बंटवारा हुआ था तब आधा पजाब , बंगाल भारत को मिला था फिर क्यों पूरे सिंध को पाकिस्तान के हवाले कर दिया गया ? यह सवाल पाकिस्तान व भारत के सिंधियों के जहन में आज भी उठता है . आज भी भारत के निवासी व पाकिस्तान के सिंध प्रान्त में रह रहे निवासी अलग सिंध देश बनाए जाने व उसे भारत में मिलाए की मांग कर रहे है । पाकिस्तान में अलग सिंधुदेश की मांग को लेकर रेलियों ने आन्दोलन का रूप ले लिया है . हालिया हुई रैली में प्रदर्शनकारियों के हाथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई विश्व के कई बड़े नेताओं की तस्वीरें नजर आईं। प्रदर्शनकारियों ने सिंध प्रांत के अलग देश बनाने की मांग के मामले में विश्व के नेताओं से दखल देने की अपील की है। सिंधु देश की मांग की कहानी 1947 से जुड़ी है। भारत को आजादी मिलने के बाद सिंधु क्षेत्र पाकिस्तान में चला गया और पाकिस्तान के चार प्रांतों में से एक बन गया। बिहार के श्री हेमंत सिंह अपनी एक किताब 'आओ हिंद में सिंध बनाएं' में कहते हैं कि परंतु, भारतीय इतिहास में सिंध शायद किसी मेले में उंगली से छूट कर गुमा हुआ बच्चा जैसा है, जिसके मिलने की आस आज भी हर हिंदू सिंधी अपने मन में कर रहा है। सिंध प्रांत में हिंदू सिंधियों ने तेजी से तरक्की की थी, क्योंकि सिंध का लगभग पूरा व्यापार ही हिंदू सिंधियों द्वारा किया जा रहा था। वर्ष 1947 आते-आते अल्पसंख्यक हिंदुओं के पास सिंध की 40 प्रतिशत से अधिक जमीन जमा हो गई थी। हिंदू सिंधियों को यह भी स्पष्ट तौर पर समझ में आ रहा है कि बंटवारे में उन्होंने जमीन के अलावा अपनी भाषा, साहित्य, कला, नृत्य, गीत-संगीत, तहजीब, पहनावा, खान-पान आदि कई प्रिय वस्तुएं भी खोई हैं। 5000 वर्षों से अधिक की संस्कृति के हिंदू सिंधी वारिस आज अपने आप को पूर्ण रूप से लूटा हुआ महसूस कर रहे हैं।इसी संदर्भ में अमेरिका सहित विश्व भर में रह रहे कई सिंधियों द्वारा अब यह मिलाजुला प्रयास किया जा रहा है कि सिंध को पाकिस्तान से अलग कर दिया जाये, इसके लिए सिंध प्रदेश में ही कई प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं जिनमें सिंध प्रांत के नागरिकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

हालांकि सिंध प्रांत में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय को देखते हुए छिटपुट प्रदर्शन तो लंबे समय से लगातार हो ही रहे हैं। परंतु, अब तो इन प्रदर्शनों को वर्ल्ड सिंधी कांग्रेस, सिंधुदेश लिबरेशन आर्मी, जय सिंधु स्टूडेंट, सिंध नैशनल मूवमेंट पार्टी और सिंध के कई राष्ट्रवादी संगठनों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। अब तो यह वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एवं भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मांग कर रहा है है कि सिंध प्रांत, बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों को पाकिस्तान से अलग कर दिया जाये। कई नागरिक तो अब सिंध प्रांत, बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों को भारत में मिलाने के लिए भी अपने आप को मानसिक तौर पर तैयार कर रहे हैं। दरअसल सिंधी समुदाय के लोग स्वयं को सिंधु घाटी की सभ्यता के वंशज मानते रहे हैं। सिंधी राष्ट्रवादियों का कहना है कि उनके प्रांत पर अंग्रेजों ने जबरन कब्जा किया हुआ था और वर्ष 1947 में सिंध के नागरिकों की इच्छा के विरुद्ध अवैध तरीके से सिंध प्रांत को पाकिस्तान में मिला दिया गया था। गौरतलब है कि अलग सिंधु देश की मांग 1967 से शुरू हुई जब पाकिस्तान सरकार ने यहां के निवासियों के ऊपर उर्दू भाषा थोप दी। यहां के लोगों ने इसका विरोध किया और इसके फलस्वरूप सिंधी अस्मिता का जन्म हुआ। इन्होंने अपनी भाषा और संस्कृति की दुहाई दी और लोगों को एकजुट किया। इस मुहिम में सिंधी हिन्दू और सिंधी मुसलमान दोनों शामिल हुए।

'सिंधु देश जिसका शाब्दिक अर्थ होता है सिंधियों के लिए अलग देश। सिंधु देश एक विचार है जो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बसे और दुनिया भर में फैले सिंधियों का एक सपना है। ये सिंधी दुनिया दूसरे एथनिक समुदायों की तरह अपने लिए एक अलग होमलैंड की मांग करते आ रहे हैं। जैसे कुर्द अपने लिए अलग देश की मांग करते हैं। यहूदी समुदाय के लोगों ने इजरायल नाम का अपना देश बनाया है।उर्दू को पाकिस्तान की सरकारी भाषा बनाने की घोषणा के साथ ही पाकिस्तान में अलगाववाद के बीज पनपने लगे थे। लोगों पर जबरदस्ती उर्दू भाषा थोपी गई। बांग्लाभाषी बहुल पूर्वी पाकिस्तान इसी फैसले के चलते अब अलग देश बनकर बांग्लादेश के रूप में आपके सामने है। वहीं, पाकिस्तान में अगस्त, 1947 के बाद से अब तक बनी सभी सरकारों ने मानवाधिकारों को एक अलग खूंटी पर टांग दिया। बात पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की हो या बलूचिस्तान या फिर सिंधु प्रांत की। पाकिस्तानी सरकारों ने इन सभी जगहों से उठने वाली आवाजों का वर्षों से दमन किया है। पाकिस्तानी फौज के बलूचिस्तान में किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली एक्टिविस्ट करीमा बलोच की कनाडा में हुई हत्या इसका एक ताजा उदाहरण है। फिलहाल पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सबसे ज्यादा हिंदू आबादी रहती है। पाकिस्तान की कुल हिंदू आबादी का करीब 95 फीसदी सिंध प्रांत में हैं। पाकिस्तान के उत्पीडन से त्रस्त इन लोगों ने अब वैश्विक नेताओं से गुहार लगाई है। वहीं, प्रदर्शनकारियों के हाथ में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर होने के पीछे एक बड़ी वजह है। कश्मीर की स्थिति को लेकर हुई एक सर्वदलीय बैठक में मोदी ने कहा था कि समय आ गया है, अब पाकिस्तान को विश्व के सामने बलूचिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लोगों पर हो रहे अत्याचारों का जवाब देना होगा। मोदी के इस बयान के चलते बलोच आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय मीडिया में काफी तवज्जो मिली थी।

इसके बाद 2016 में भारत के 70वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से बलूचिस्तान, गिलगित और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों का आभार व्यक्त किया था। दरअसल, पीएम मोदी के बयान के बाद पाकिस्तान में जुल्मो-सितम झेल रहे इन हिस्सों के लोगों ने उनकी आवाज उठाने के लिए मोदी को सोशल मीडिया पर धन्यवाद दिया था। हाल ही में पाकिस्तान के सिंध प्रांत के जमसोरो जिले में जीएम सैयद के गृहनगर सान कस्बे में हुई रैली में लोगों ने आजादी के लिए नारे लगाए गए. प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान दावा सीधे तौर पर कहा- सिंध, सिंधु घाटी सभ्यता और वैदिक धर्म का घर है। ब्रिटिश साम्राज्य ने इस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और 1947 में पाकिस्तान के इस्लामी हाथों में दे दिया था। अलग सिंधुदेश की मांग को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है। इन लोगों का मानना है कि पाकिस्तान ने सिंध प्रांत पर जबरन कब्जा कर रखा है। साथ ही पाकिस्तान संसाधनों का दोहन और मानवाधिकारों के जमकर उल्लंघन करताहै। जिये सिंध मुत्ताहिदा महाज़ के चेयरमैन मुहम्मद बरफात ने कहा कि हमारी संस्कृति और इतिहास पर हुए दशकों से जारी हमलों के बावजूद हमने अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को बचाकर रखा है। पाकिस्तान के इन हिस्सों की आवाम अब खुलकर अपना विरोध दर्शा रही है। बीते कुछ वर्षों में भारत की वर्तमान मोदी सरकार पर इन लोगों का भरोसा बढ़ा है। ऐसे में अलगाववादी रैली में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर नजर आने से पाकिस्तान की पेशानी पर फिर सेबल पड़ सकते हैं। अब देखना यह है कि अलग सिंध देश की मांग से क्या पाकिस्तान के टुकडे होंगे? होंगे तो कितने होंगे? सिंध देश यदि अलग बन जाता है तो वहां रहने वाले सिन्धी हिन्दुओं को इसका कितना लाभ मिल सकेगा?कुछ समय पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सिन्धु प्रान्त को वापस लेने का समर्थन किया था । उन्होंने लखनऊ में आयोजित एक सिन्धी सम्मलेन सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया में कहा था कि अगर पांच सौ वर्षों के बाद राम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है, तो कोई कारण नहीं कि हम 'सिंधु' (सिंध प्रांत) वापस न ले पाएं. सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया (यूथ विंग) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात कही थी ।उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा था कि अगर राम जन्मभूमि के लिए कुछ किया जा सकता है।जब पांच सौ वर्षों के बाद राम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है, तो कोई कारण नहीं कि हम सिंध प्रांत, जो अब पाकिस्तान में है वापस न ले पाएं । '

# डिजिटल अरेस्ट पर मोदी मंत्र

पीएम मोदी ने इस बार मन की बात में डिजिटल अरेस्ट के बारे में जानकारी देकर लोगों से आह्वान किया कि वे इस तरह के फोन से डरें नहीं, बल्कि उसके समाधान का उपाय करें। बता दें कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। अब तक जिन लोगों ने अपनी कमाई के लाखों-करोडों रुपए गंवाए है वह सब डर की वजह से ही हुआ है। देखा जाए तो डिजिटल अरेस्ट आज खतरनाक हो गया है। भोले-भाले और इज्जतदार लोग इसका आसानी से शिकार बन जाते हैं। गृह मंत्रालय (एमएचए) के आंकड़ों के अनुसार इस साल की पहली तिमाही में ही डिजिटल अरेस्ट वाली धोखाधड़ी से लोगों ने 120.3 करोड़ रुपये गंवा दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में दर्ज की गई डिजिटल गिरफ्तारी, व्यापारिक घोटालों, निवेश घोटालों (कार्य-आधारित) और रोमांस/डेटिंग घोटालों सहित 46% डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में म्यांमार, लाओस और कंबोडिया में स्थित शातिर साइबर ठग शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों को कुल मिलाकर 1,776 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ितों को व्यापारिक घोटालों में 1,420.48 करोड़ रुपये, निवेश घोटालों में 222.58 करोड़ रुपये और रोमांस/डेटिंग घोटालों में 13.23 करोड़ रुपये का फटका लगा है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार के हवाले से ये जानकारी दी गई है। 1 जनवरी से 30 अप्रैल, 2024 के बीच 7.4 लाख शिकायतें दर्ज की गईं, जबकि पूरे 2023 में 15.56 लाख, 2022 में 9.66 लाख और 2021 में 4.52 लाख शिकायतें मिलीं। बता दें कि म्यांमार, लाओस और कंबोडिया में बैठे ये ठग कई तरह की तिकड़म का इस्तेमाल करते हैं। इसमें नकली रोजगार के लिए लुभाना, सोशल मीडिया की मदद से शोषण करना आदि शामिल है। इन अपराधों से वाकिफ पीएम नरेंद्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट से बचने को लेकर लोगों को तीन मंत्र दिए। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं है, ये सिर्फ फ्रॉड है, फरेब है, झूठ है, बदमाशों का गिरोह है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वो समाज के दुश्मन हैं। इसके नाम पर जो फरेब चल रहा है, उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसियां, राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। इन एजेंसियों में तालमेल बनाने के लिए नेशनल साइवर को-आर्डिनेशन सेंटर की स्थापना की गई है। पीएम मोदी ने इससे बचने के लिए तीन मंत्र दिए हैं जो गांठ की तरह बांध लेने की जरूरत है। ये तीन चरण हैं - 'रुको सोचो और एक्शन लो'। कॉल आते ही पहले 'रुको' फिर सोचो लेकिन घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें, संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। उन्होंने दूसरा चरण 'सोचो' की कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसी धमकी नहीं देती, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है, न ही ऐसे पैसे की मांग करती है अगर डर लगे तो समझिए कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर है। तीसरा चरण - 'एक्शन लो'। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें, http://cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें, परिवार और पुलिस को सूचित करें, सबूत सुरक्षित रखें। इतना करने के बाद फिर कोई कारण नहीं बनता कि कोई अपराधी आपको डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठग सकता है। यह भी संभव है कि ठग जल्द ही जांच एजेंसियों की गिरफ्त में आ जाएगा।

# प्रयोगधर्मिता से नवीनता ही सफलता का राजमार्ग



संजीव ठाकुर

परिवर्तन का क्रिया चक्र खुद इस बात का द्योतक है कि परिवर्तन की खोज ही नवीनता है। परिवर्तन का सीधा-सीधा तात्पर्य जड़ता का नाश और विकास की अनंत गाथा का प्रादुर्भाव होना और स्थिरता का अंत ही है। गतिमान परिवर्तन की शुभारंभ स्थिर और जंगम का स्थाई समापन होता है। आज की परिस्थितियों ने जड़ता और स्थिरता को बड़ी चोट दी है। मशीनों का शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का बहुत बड़ा अवदान दिया है, इस परिवर्तन ने मानवीय समाज को को नया अवसर प्रदान किया है। इस परिवर्तन ने काम को सरल बनाया और व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। एक युगीन क्रांतिकारी कदम उठाया गया था। इतिहास में सबसे बड़ा तथा पहला परिवर्तन 1215 से मैग्नाकार्टा यानी कि नागरिक अधिकार पत्र की प्राप्ति हुई थी।

यह वही समय था कि जब सदियों की जड़ता का प्रतिकार करते हुए मानव मस्तिष्क में नव विकास तथा नव प्रवर्तन का बीज बोया था। परिवर्तन की उस घड़ी में एक बड़े अवसर ने दस्तक दी थी। उसी अवसर का सदुपयोग करते हुए मानव को अधिकार प्रदान किया गया था, अब वह साधन नहीं साध्य बन गया है। अवसर में किए गए प्रयत्नों का परिणाम है कि आज हर सभ्य समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र की पारदर्शिता एवं उपलब्धता के कारण दिया जाता है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पादन की न तो मात्रा संपूर्ण उपाय थी और ना ही गति के साथ साधन ही उपलब्ध हो पा रहे थे, ऐसे समय में युग में परिवर्तन की करवट ली और माननीय बौद्धिक क्षमता ने मशीनीकरण को जन्म दिया। मशीनीकरण के फल स्वरुप कार्य करने की गति, क्षमता और स्वरूप को बदला गया, मनुष्य ने अवसर के साथ परिवर्तन के चलते नए-नए कल पुर्जों का इजाद किया और प्रयत्नों का अंबार लगा कर संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का शंखनाद किया। और यही परिवर्तन आज विकास की धुरी है। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि परिवर्तन नए-नए विकास तथा अविष्कार को जन्म देता है, और वह समाज के लिए सदैव बहु उपयोगी होते हैं। समाज में या देश में जब जब जनता ने गति रोकने का प्रयास किया तब तब माननीय साहस तथा मस्तिष्क ने उसे अपने प्रयासों से पराजित कर नई युक्ति को जन्म दिया।

परिवर्तन वस्तुतः ना केवल जीवन की आवश्यक विशेषता और अपरिहार्य सच है बल्कि वह विकास के प्रत्येक स्वप्न का प्रथम चरण भी है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस 'आय हैव ए ड्रीम' की कल्पना की थी वह परिवर्तन में छिपे अवसर को पाने का ही एक सपना था। महात्मा गांधी जी ने जिस 'स्वराज' की कल्पना की,वह भी अवसर की तलाश की तरफ अग्रसर एक महत्वपूर्ण प्रयास ही था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने 'यस वी कैन' में भी उसी परिवर्तन को साकार करने की लालसा थी। कुल मिलाकर बात यह है कि जब जब मनुष्य पुराने विचारों जड़ता स्थिरता का प्रतिकार करता है है तब-तब परिवर्तन ने समाज में नवप्रवर्तन आया है। प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ अनेक अवसर लेकर आया और अवसर को जिसने प्राप्त कर अपने अनुकूल ढालने की सामर्थ्यता दिखाई वह विश्व विजेता कहलाया।

# लवजेहाद रोकने में क्यों नाकाम है कानून ?



मनोज कुमार अग्रवाल

दिल्ली के नांगलोई में लवजेहाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सलीम उर्फ संजू ने अपने 2 साथियों के साथ मिलकर 19 साल की सोनी कुमारी की हत्या कर दी। सलीम सोनी का प्रेमी है और विशेष समुदाय से ताल्लुक रखता है। उसने इस जुर्म को रोहतक में अंजाम दिया। पीड़ित सोनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती थी। सोशल मीडिया पर उसके 6 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वह अपने इंस्टाग्राम पर अपनी और संजू की कई फोटो और वीडियो डालती रहती थी। देश भर में लवजेहाद की सैकड़ों वारदातों में हिन्दू लड़कियों को प्रेम जाल में फंसा कर उनके साथ दरिंदगी और बर्बरता की वारदातों को अंजाम देने का सिलसिला जारी है। सोनी की हत्या के बाद लव-जिहाद का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर घूमता दिख रहा है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान से लेकर छतीसगढ़ और झारखंड तक देश के किसी न किसी कोने से हर रोज ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जिसमें आरोप लग रहा है कि मुस्लिम युवक मोहब्बत के नाम पर धोखा करके हिंदू लड़कियों को सता रहे हैं। कई जगह हत्याएं भी हुई हैं। शहर-शहर मोहब्बत के नाम पर मजहबी साजिश और प्यार के नाम पर अवैध धर्मांतरण की साजिशों के आरोप लग रहे हैं। ये सारे केस पुलिस के पास हैं। हालांकि, पुलिस की जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि सोनी की हत्या के पीछे लवजेहाद का मामला होने कितनी सच्चाई है?

आपको बता दें कि सोनी के प्यार का खौफनाक अंजाम सोनी और सलीम दोनों ही इंस्टाग्राम पर एक दूसरे का नाम डालकर खुलेआम अपने प्यार का इजहार कर चुके थे। घरवाले ये तो जानते थे कि उसका कोई दोस्त है, लेकिन जब उसका नाम पूछते थे तो वह जानकारी नहीं देती थी । जानकारी के मुताबिक सोनी 7 महीने से प्रेग्नेंट थी और सलीम पर शादी के लिए दबाव बना रही थी। वहीं दूसरी तरफ सलीम इस बच्चे को गिरना चाहता था और शादी के लिए फिलहाल तैयार नहीं था। इसी बात पर दोनों के बीच लड़ाई होती थी। 21 अक्टूबर को सोनी अपने घर से समान लेकर सलीम के पास पहुंच गई। सलीम अपने दो दोस्तों के साथ उसे रोहतक ले गया। उसने सोनी की हत्या कर उसके शव को जमीन में दफना दिया। वह कहां जानती थी कि जिस प्यार पर वह इतना भरोसा जता रही है वह उसे मौत देने जा रहा है। वहीं सोनी का परिवार भी इस बात से अंजान था कि उसका बॉयफ्रेंड दूसरे समुदाय से ताल्लुक रखता है। पुलिस ने आरोपी सलीम और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी अभी भी फरार है। इस हत्या के पीछे लव जिहाद का कितना एंगल है, ये पुलिस की जांच के बाद सामने आएगा। लेकिन देश की राजधानी में जब एक केस सामने आता है तो देश के दूसरे हिस्सों से भी ऐसे मुकदमों की चर्चा और खबरें आनी शुरू हो जाती हैं जहां मुस्लिम युवकों पर हिंदू लड़कियों के साथ अत्याचार और हत्या तक के आरोप लगे हैं। चलिए आपको छत्तीसगढ़ और राजस्थान के दो ऐसे ही मामले के बारे में बताते हैं जहां छत्तीसगढ़ में तो युवती की मौत भी हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में भी ऐसा ही दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां 8 मार्च को बिलासपुर के सिम्स हॉस्पिटल में ज्यादा खून बहने की वजह से एक युवती की मौत हो गयी थी। पीड़िता दानिश नाम के युवक के साथ लिव इन में रह रही थी। उसने समीर बनकर दोस्ती की थी। मौत से पहले पीड़िता का रिकॉर्ड किया हुआ एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उसने दानिश पर खुद को ताले में बंद रखने, मारपीट करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। लड़की ने मांग की थी कि उस दरिंदे को बख्शा नहीं जाए जिसने सच छिपाकर इसके साथ मोहब्बत के नाम पर धोखा किया। राजस्थान के उदयपुर में पुलिस ने आसिफ, उसके भाई और उसके पिता अब्दुल रज्जाक को गिरफ्तार किया है। तीनों पर एक युवती को जबरन धर्म परिवर्तन करने के लिए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। आरोप है कि उदयपुर के अम्बामाता थाना इलाके के आयड़ में रहने वाले आसिफ ने इस लड़की को धर्म परिवर्तन नहीं करने और हिजाब नहीं पहनने पर दिल्ली के साक्षी मर्डर केस की तरह हत्या करने की धमकी दे रहा था। पीड़िता का आरोप है कि आसिफ ने पहले धोखे से उसके साथ दोस्ती की और जब पीड़िता को सच का पता लगा तो वो आसिफ से दूर होने की कोशिश करने लगी लेकिन तभी आसिफ और उसके परिवार वालों भी पीड़िता को धर्मांतरण का दबाव बनाने लगे थे। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है और आगे की जांच कर रही है। दिल्ली के पास ही हापुड़ से कथित लव जिहाद का ऐसा ही खतरनाक मामला सामने आया है। यहां एक हिंदू लड़की के साथ वसीम ने रेप किया और फिर उसे ब्लैकमेल किया गया। इसके बाद धर्मांतरण कराकर निकाह भी करा दिया गया। बात यहीं जाकर खत्म नहीं हुई। इसके बाद लड़की को घर के दूसरे मर्दों के साथ भी शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया जाने लगा तो पीड़िता ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। हैरानी की बात ये है कि आरोपी खुद दिल्ली पुलिस में है और उसके पिता भी दिल्ली पुलिस से रिटायर हैं। पीड़िता का आरोप है कि पहले उसके साथ रेप किया गया। फिर भाई की हत्या का डर दिखाकर इस पर इतना दबाव बना दिया गया कि उसे धर्म परिवर्तन करना पड़ा। धर्मांतरण के बाद इसका नाम इकरा रख दिया गया और फिर जब इस युवती ने एक बेटे को जन्म दिया। तो ब्लैकमेलिंग का सिलसिला और बढ़ गया। आरोप है कि 11 मई की रात गला दबाकर इसकी हत्या की कोशिश भी की गई और इसे श्रद्धा वाल्कर की तरह 36 टुकड़े में मार डालने की धमकियां भी दी गईं। हापुड़ पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज है लेकिन आरोपियों ने दिल्ली हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक ले रखी है, उसी हिसाब से कार्रवाई की जा रही है। एक अन्य वारदात में झारखंड की मानवी की मॉडलिंग के दौरान तनवीर से दोस्ती हुई। बाद में ये प्यार में बदल गई। अब मॉडल मानवी ने तनवीर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि तनवीर ने अपनी असली पहचान छिपाकर उसे ब्लैकमेल करने, नशा देकर यौन शोषण करने, जान से मारने की कोशिश करने और उसका धर्म बदलकर शादी के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया था। एफआईआर में मॉडल ने पुलिस को बताया कि उसके पास कई ऐसे सबूत हैं, जो तनवीर के खिलाफ हैं। कानपुर से लव जिहाद का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

आरोप है कि एक मुस्लिम युवक ने स्कूटी ठीक कराने आई महिला को हिंदू नाम बताकर अपने जाल में फंसाया। फिर उसका शोषण किया। इसके बाद उसने महिला पर निकाह करने के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव डाला। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# देवताओं को अमृतपान कराकर अमर किया था धन्वंतरि ने



योगेश कुमार गोयल

धनतेरस के प्रचलन का इतिहास बहुत पुराना माना जाता है। यह त्यौहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है तथा इस दिन आरोग्य के देवता भगवान धन्वन्तरि एवं धन व समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। धन्वंतरि को आयुर्वेद का देवता और देवताओं का चिकित्सक माना गया है, इसलिए धनतेरस को चिकित्सकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय इसी दिन धन्वंतरि आयुर्वेद और अमृत लेकर प्रकट हुए थे। धनतेरस मनाए जाने के संबंध में जो प्रचलित कथा है, उसके अनुसार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन देवताओं और असुरों द्वारा मिलकर किए जा रहे समुद्र मंथन के दौरान समुद्र से निकले नवरत्नों में से एक धन्वंतरि ऋषि भी थे, जो जनकल्याण की भावना से अमृत कलश सहित अवतरित हुए थे। धन्वंतरि ऋषि ने समुद्र से निकलकर देवताओं को अमृतपान कराया और उन्हें अमर कर दिया। यही वजह है कि धन्वंतरि को 'आरोग्य का देवता' माना जाता है और आरोग्य तथा दीर्घायु प्राप्त करने के लिए ही लोग इस दिन उनकी पूजा करते हैं।

इस दिन मृत्यु के देवता यमराज के पूजन का भी विधान है और उनके लिए भी एक दीपक जलाया जाता है, जो 'यम दीपक' कहलाता है। धार्मिक ग्रंथों में यमराज के पूजन के संबंध में एक कथा प्रचलित है। एक बार यमराज ने अपने दूतों से प्रश्न किया कि क्या प्राणियों के प्राण हरते समय तुम्हें कभी किसी प्राणी पर दया भी आई? यह प्रश्न सुनकर सभी यमदूतों ने कहा, ''महाराज, हम सब तो आपके सेवक हैं और आपकी आज्ञा का पालन करना ही हमारा धर्म है। अतः दया और मोह-माया से हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।''यमराज ने उनसे जब निर्भय होकर सच-सच बताने को कहा, तब यमदूतों ने बताया कि उनके साथ एक बार वास्तव में ऐसी एक घटना घट चुकी है। यमराज ने विस्तार से उस घटना के बारे में बताने को कहा तो यमदूतों ने बताया कि एक दिन हंस नाम का एक राजा शिकार के लिए निकला और घने जंगलों में अपने साथियों से बिछुड़कर दूसरे राज्य की सीमा में पहुंच गया। उस राज्य के राजा हेमा ने राजा हंस का राजकीय सत्कार किया और उसी दिन हेमा की पत्नी ने एक अति सुन्दर पुत्र को जन्म दिया लेकिन ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की कि विवाह के मात्र चार दिन बाद ही इस बालक की मृत्यु हो जाएगी। यह दुःखद रहस्य जानकर हेमा ने अपने नवजात पुत्र को यमुना के तट पर एक गुफा में भिजवा दिया और वहीं पर उसके लालन-पालन की शाही व्यवस्था कर दी गई और बालक पर किसी युवती की छाया भी नहीं पड़ने दी लेकिन विधि का विधान तो अडिग था। एक दिन राजा हंस की पुत्री घूमते-घूमते यमुना तट पर निकल आई और राजकुमार की उस पर नजर पड़ गई। उसे देखते ही राजकुमार उस पर मोहित हो गया। राजकुमारी की भी यही दशा थी। अतः दोनों ने उसी समय गंधर्व विवाह कर लिया लेकिन विधि के विधान के अनुसार 4 दिन बाद राजकुमार की मृत्यु हो गई। यमदूतों ने यमराज को बताया कि उन्होंने ऐसी सुन्दर जोड़ी अपने जीवन में इससे पहले कभी नहीं देखी थी। वे दोनों कामदेव और रति के समान सुन्दर थे। इसीलिए राजकुमार के प्राण हरने के बाद नवविवाहिता राजकुमारी का करूण विलाप सुनकर उनका कलेजा कांप उठा। घटना का पूर्ण वृतांत सुनने के बाद यमराज ने यमदूतों से कहा कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि ऋषि का पूजन करने तथा यमराज के लिए दीप दान करने से इस प्रकार की अकाल मृत्यु से बचा जा सकता है। ऐसी मान्यता है कि उसके बाद से ही इस दिन धन्वंतरि ऋषि और यमराज का पूजन किए जाने की प्रथा आरंभ हुई। धनतेरस के दिन घर के टूटे-फूटे बर्तनों के बदले तांबे, पीतल अथवा चांदी के नए बर्तन तथा आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है।

# चक्रवाती तूफान दाना ने दहलाया



राधा रमण

भले ही दुनियाभर में मौसम विभाग अब मौसम की सटीक जानकारी देने लगा है लेकिन प्राकृतिक गतिविधियाँ जारी रहती हैं। इन्हें रोकने के उपाय अभी तक संभव नहीं हो पाए हैं। आगे भी संभव नहीं लगता, क्योंकि जिस तरह जीवन-मृत्यु ईश्वर के हाथ में होती है, उसी तरह प्राकृतिक गतिविधियाँ प्रकृति के हाथ में होती हैं। लेकिन आपदा प्रबंधन में दक्ष होकर हम इसकी तपिश को कम जरूर कर सकते हैं। अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आए दाना चक्रवाती तूफान ऐसी ही प्राकृतिक गतिविधि थी। हालाँकि केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों की चौकसी के कारण इससे जानी नुकसान तो महज चार हुई लेकिन 60 हजार से अधिक घर तबाह हो गए और करीब 4 लाख एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो गई। 8 लाख से ज्यादा लोगों को राहत शिविरों में पनाह लेनी पड़ी और 22 लाख से ज्यादा घरों में बिजली कट जाने से अँधेरा छा गया। दो राज्यों ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 4 दिनों तक स्कूल- कॉलेज और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अधिकांश दफ्तर बंद कर दिये गए। 300 से ज्यादा विमान सेवाएँ और 552 ट्रेनें रद्द कर दी गईं। इससे यात्रियों को परेशानी हुई। इस चक्रवाती तूफान का असर न सिर्फ दोनों राज्यों बल्कि आंध्रप्रदेश, झारखंड, बिहार, छतीसगढ़ और तमिलनाडु तक देखने को मिला। करीब 36 लाख लोगों पर इसका असर हुआ, जबकि बचाव में सरकार के करोड़ों रुपये स्वाहा हो गए।

तूफान से बचाव के लिए ओडिशा में एनडीआरएफ की 20, ओडिशा डिजास्टर फोर्स की 51 और फायर ब्रिगेड की 178 टीमों को तैनात किया गया, जबकि पश्चिम बंगाल में 85 राहत टीमें तैनात रहीं। इसी प्रकार आंध्रप्रदेश में एनडीआरएफ की 9, झारखंड में एनडीआरएफ की 9 जबकि छतीसगढ़ में एक टीम तैनात की गईं। बिहार और तमिलनाडु में भी राज्य सरकारों ने बचाव के पुख्ता इंतजाम किये थे। इसके बावजूद 140 किलोमीटर से अधिक की रफ्तार से चली हवाओं से हजारों पेड़ उखड़ गए और सैकड़ों गाड़ियाँ क्षतिग्रस्त हो गईं।

### किसने इसे 'दाना' नाम दिया

इस तूफान का 'दाना' नाम कतर ने दिया। इसका मतलब उदारता होता है। दरअसल, अगर किसी आँधी की रफ़्तार 62 किमी प्रति घंटे से अधिक है तो इसका एक विशेष नाम देना जरूरी हो जाता है। इसी तरह हवा की रफ्तार अगर 137 किमी प्रति घंटे या उससे अधिक हो जाती है तो उसे चक्रवाती तूफान कहते हैं। चक्रवाती तूफान प्राकृतिक गतिविधियाँ हैं। ये सदियों से आते रहे हैं और आते रहेंगे। तमाम तरह के चक्रवाती तूफान भारत और दुनियाभर में समय-समय पर आते रहे हैं। इनसे जानमाल की भारी क्षति भी होती है और जनजीवन पटरी पर लाने में अरबों रुपये खर्च होते हैं। इनको रोका तो नहीं जा सकता है लेकिन इनसे बचाव अवश्य किया जा सकता है। इसके लिए हमारी आपदा प्रबंधन प्रणाली को चुस्त-दुरुस्त करना होगा। सरकार अपने स्तर से पूरा प्रयास करती है। लेकिन इसके लिए निजी आपदा प्रबंधन संस्थानों और निजी प्रशिक्षित सुरक्षा एजेंसियों की मदद भी लेनी चाहिए।

### दुनिया के पाँच सबसे खतरनाक चक्रवाती तूफान

1.हुगली रिवर चक्रवाती तूफान–1737
2.कोरिंगा चक्रवाती तूफान – 1839
3.बैकरगंज चक्रवाती तूफान– 1876
4.हैपोंग टाइफून चक्रवाती तूफान– 1881
5.भोला चक्रवाती तूफान -1970

इन चक्रवाती तूफानों में लाखों लोगों की जान गई थी और अरबों रूपये की संपत्ति का नुक्सान हुआ था। इसके अलावा समय-समय पर रेमल, तितली, गाजा, बुलबुल, और विपरजॉय जैसे अनेक चक्रवाती तूफान तबाही मचा चुके हैं।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) चक्रवाती तूफानों के नाम तय करता है। इसकी स्थापना 23 मार्च 1950 को की गई थी। इससे पहले प्रभावित देश अपने स्तर पर नाम तय करते थे। इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में है। फिलहाल यूएई के अब्दुल्ला अल मैनडोअस इसके अध्यक्ष हैं। चक्रवात का नामकरण करते समय कुछ दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। ये दिशा-निर्देश तय करते हैं कि नाम बिना किसी राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक अथवा लैंगिक पूर्वाग्रह से जुड़े न हों। विश्व मौसम विज्ञान संगठन तूफान, चक्रवात अथवा सुनामी की समय पूर्व चेतावनी जारी करता है ताकि आपदा से बचाव के एहतियाती उपाय किये जा सकें। बता देना जरूरी है कि एक समय एक से अधिक तूफान भी आ सकते हैं। इसलिए तूफानों का नामकरण जरूरी होता है।

# धनतेरस पर दीपदान और पूजा की विधि

## खरीदारी और निवेश के लिए रहेंगे 2 मुहूर्त, तीन गुना फायदा देने वाला योग भी रहेगा




29 अक्टूबर, मंगलवार को धनतेरस है। इस दिन से दीपोत्सव शुरू हो जाएगा। हर तरह की खरीदारी, निवेश और नई शुरुआत के लिए पूरे दिन शुभ मुहूर्त रहेंगे। इस दिन त्रिपुष्कर योग बन रहा है, मान्यता है कि इस योग में किए कामों का 3 गुना फल मिलता है। शाम को धन्वंतरि, कुबेर और लक्ष्मी पूजा होगी। यम के लिए दीपदान भी किया जाएगा।


इस बार दीपोत्सव 5 नहीं 6 दिन का:29 को धनतेरस और 31 को लक्ष्मी पूजा, 1 नवंबर को रहेगी स्नान-दान की अमावस्या


इस साल दीप पर्व 5 नहीं 6 दिन का रहेगा, क्योंकि कार्तिक अमावस्या 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को दो दिन रहेगी। दीपावली की तारीख को लेकर मतभेद दूर करने के लिए देशभर के ज्योतिषियों ने कई मीटिंग्स की हैं। इसके बाद ज्यादातर ज्योतिषियों ने कहा कि दीपावली 31 अक्टूबर को ही मनाना ही ज्यादा शुभ है। दीपोत्सव में 29 अक्टूबर को धनतेरस, 30 को रूप चतुर्दशी, 31 को लक्ष्मी पूजा, 1 नवंबर को स्नान-दान की अमावस्या, 2 को गोवर्धन पूजा और 3 तारीख को भाई दूज मनेगी।










# दीपावली पर गूजरी-ग्वालिन पूजा का महात्म्य

आत्माराम यादव पीव

कार्तिक अमावस्या को दीपावली मनाने के लिये सभी यथायोग्य तैयारी करते है वहीं मध्य प्रदेश के होशंगाबाद सहित आसपास के अनेक गॉवों में बसे ग्वाला,गवली और यादव समाज के लोग मिट्टी के दिये के साथ मिटटी की बनी ग्वालिनों को लाकर पूजते हैं। पिछले 40-45 सालों से मेरे मन में एक सवाल उठता रहा है कि आखिर दीपावली पर मिटट्टी की सुन्दर प्रतिमाओं के साथ घोड़े पर सवार युवक को सभी पूजते क्यों है, पर कोई जबाव नहीं मिलता था। सीहोर जिले में बुदनी तहसील के अन्र्तगत आने वाले ग्राम बगवाड़ा में मेरी ननिहाल है बचपन में तीन चार दशक पहले वहॉ के सभी घरों से महिलायें टोकरी में दूध कन्डे बेचने होशंगाबाद आते। गॉव से नर्मदा नदी तट तक दो ढाई किलोमीटर पैदल चलने के बाद नाव से आते और दूध-दही आदि बेचकर घर के जरूरी सामान ले जाते जिसमें हर त्यौहार की पूजा सामग्री होती। दीपावली पर बाजार से लौटते समय हरेक व्यक्ति या महिला सभी मिट्टी की रंग रोगन की हुई ग्वालिन,घुड़सवार युवक के साथ गायों को सजाने के लिए रंग बिरंगी घंटिया,,झालरे कोडिया,मोर पंख आदि के साथ रंग लेकर आते यह सिलसिला अब भी जारी है पर साधन आ जाने के बाद सब अलग अलग होकर इस परम्परा का निर्वहन कर रहे है। कच्ची मिट्टी से बनी इन ग्वालिन के हाथों पर चार दिये और सिर पर एक दिया कुल पॉच दिये बने होते है, जिस पर दीप जलाने की परंपरा भी है। यह दीप ग्वालिन को भगवती शारदा मानकर ऋद्धि सिद्धि की कामना कर उनके सम्मुख प्रार्थना करने से मनोरथ सिद्ध करने का सरल उपाय बताया है। दीपावली पर ग्वालिन की पूजा की लोकमान्यता ग्वाला समाज को छोड और कहीं देखने को नहीं मिली लेकिन उत्तर भारत में बुन्देलखंडी,मध्य में मालवांचल सहित गुजरात राजस्थान में अनेक जगह ग्वालिनों को पूजने की परंपरा है। प्राचीन भारत के साहित्य में कालिदास,बाणभट्ट और अश्वघोष ने अपनी रचनाओं में मिट्टी से बनी मूर्ति के लिये हर्षचरित में अंजलिकारिका शब्द प्रयोग किया है वही कादंबरी में मृदंग और पुत्र का शब्द प्रयोग किया है। दोनों हाथों और सिर के ऊपर मिट्टी का दीया लिये इन सुन्दरतम ग्वालिन की प्रतिमाओं में अगर नीचे की बनावट पर नजर डाले तो वृन्दावन की प्रकट लीला में घाघरा घुमा परिधान से लवरेज है जिन्हें भगवान श्रीकृष्ण की आल्हादित करने वाली गुहा विदध्रा की प्रर्वतक माना है। ये ग्वालिनी नित्य सिद्धा है इन्हें कन्या रूप में और पोढ़ा रूप में श्रीकृष्ण ने स्वीकारा है। जिनका विवाह नहीं हुआ है वे कन्याये है तथा जो ग्वालिनी विवाहित है वे पोढ़ा है। प्रेमभक्ति में पोढ़ाओं को श्रेष्ठतम मानकर इन्हें नित्यप्रिया,साधनपरा और देवी माना गया है। राधा जी के स्वरूप को सर्वश्रेष्ठ महाभाव स्वरूपा कहा गया है जिनकी आठ परम श्रेष्ठ सखिया ललिता, विशाखा, चंपककला , चित्रा सुदेवी, तुंगविदय़ा, इन्दुलेखा व रंगदेवी है, जो गोपियों व ग्वालिनों में अग्ररण्य है। दीपावली के पूर्व शरदपूर्णिमा की झिलमिलाती रोशनी में महारास में राधा कृष्ण अपनी समस्त कलाओं के साथ महारास करते है और आकाश में चन्द्रमा अपनी चांदनी की छटा से धरा को स्नान करता है। इस रात हर व्यक्ति लक्ष्मी की अगवानी में घर की देहरी पर दीप रखता है और अपने घरों की छतों-मचान पर श्री का प्रतीक खीर रखकर चांदनी से अमृत बरसने की प्रतीक्षा करता है ऐसे ही अवसर पर माता लक्ष्मी धरा पर विचरण को निकलती है।

शरदपूर्णिया अर्थात महासरस्वती व कार्तिक पूर्णिमा अर्थात महाकाली के बीच की कडी हर मनुष्य को एक दूसरे से जोड़कर रखने वाली कडी है। जैसे शरद का सौन्दर्य श्री का सौन्दर्य है,सीता का सौन्दर्य है,राधा का सौन्दर्य है, शारदा का सौन्दर्य है,,वही अलौकिक सौन्दर्य नवदुर्गा की भक्ति पूजा अर्चना का भी सौन्दर्य बन जाता है। आश्विजन की विजयादशमी को राम रावण का वध कर 20 दिन बाद अयोध्या लौटते है तब उनके राज्याभिषेक में परब्रम्ह के रूप में भगवान राम संपूर्ण ऐश्वर्य के साथ सिंहासन पर विराजते है। अवध झूम उठता है, घरघर दीप प्रज्जबल्वित होते है और यह आनन्द दीपावली के रूप में भारत की संस्कृति में रच बस जाता है।

अपवादों के कारण राम सीता को निर्वासित करते है तब राम ब्रह्महत्या के पश्चाताप कर दोषमुक्त करने हेतु गुरु वशिष्ट से कहते है तब गुरू वशिष्ट कहते है सीता के बिना यज्ञ पूरा नहीं हो सकेगा ओर वे सीता को जंगल से लाने की बात करते है तब मर्यादा पुरुषोत्तम राम का स्वाभिमान, उन्हें सीता को लाने से रोकता है तब यज्ञ की पूर्ति हेतु स्वर्ण की सीता बनवाकर यज्ञ संपादित कराते है। स्वर्ण से बनी सीता की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात यज्ञ पूर्ण होता है। कहा जाता है स्वर्ण प्रतिमा भगवान से प्रार्थना करती है कि आपका कार्य हो गया है अब आप मुझे पत्नी का सम्मान देकर राजमहल में रहने की इजाजत दे। प्रभु आश्चर्यचकित होते है और कहते है वे एक पत्नी का व्रत रखे है उन्हें पत्नी नहीं बना सकते। स्वर्ण प्रतिमा का हठ के समक्ष वे झुकते है और वचन देते है अगले श्रीकृष्ण अवतार में वे उन्हें अपनी सबसे श्रेष्ठ और प्रिय का स्थान देंगे और तब तुम राधा बनकर आयोगी। प्रतिमा हठ करती है तो राम उन्हें श्राप देते है कि जब राधा के रूप में तुम मिलोगी तो हमारा वियोग होगा और तुम्हें मेरी प्रतीक्षा का वियोग झेलना होगा।



सीता की स्वर्ण प्रतिमा राधा के रूप में अवतरित होती है और कृष्ण की आल्हादिनी शक्ति के रूप में राधा ही श्री कहाती है।जब सीता को निर्वासित किया गया तब वे अन्याय का शिकार हुई पर उन्होंने राम के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा, राम सीता के इसी स्वाभिमान के कारण अपने अंदर टूटते गये,पर प्रकट में कहीं भी यह दिखने नहीं दिया। लेकिन कृष्ण अवतार में राधा से मिलने, बिछड़ने का दर्द असीमित था जिसे राधा ने प्रगट नहीं किया। कृष्ण ने वियोगी राधा को ऑखों से आंसू न लाने का वचन लिया और राधा के अंतर्मन का दर्द वे समझ सकती थी तभी वे कृष्णे की प्रतीक्षा में रोज अनगिनत दीप जलाकर अपनी स्वर्ण देह को गलाकर मिट्टी बन गयी, उधर कृष्ण भी राधा से अलग होने के बाद दोबारा नहीं मिल सके। कृष्ण विछोह के बाद राधा का पूरा जीवन ऐसा हो गया जैसे कोई माटी की मूरत हो। स्वर्ण सीता की मूरत से मूरत बनी राधा के जीवन में बिछोह है।

# कुबेर देव को प्रसन्न करने के उपाय

इस साल धनतेरस का त्यौहार 29 अक्तूबर को मनाया जाएगा। धनतेरस का त्यौहार धन, समृद्धि और स्वास्थ्य से जुड़ा है। इस दिन लोग नई चीजें जैसे सोना-सोने के सिक्के और धातु और अन्य संबंधित सामान खरीदते हैं। ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दिन इन वस्तुओं को निकालने से घर में धन और समृद्धि की प्राप्ति होती है और जीवन में सभी समस्याएं दूर होती हैं। धनतेरस को धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। यह त्यौहार देवी लक्ष्मी, भगवान गणेश, कुबेर देवता और भगवान धन्वंतरि को समर्पित है। तो आइए ज्योतिषि चिराग बेजान दारूवाला से जानते हैं कि धनतेरस की पूजा किस विधि के साथ करनी चाहिए।

**धनतेरस के दिन कैसे करें कुबेर देव की पूजा, जानें विधि**

धनतेरस पर धन प्राप्ति के लिए भगवान कुबेर की पूजा पूरे विधि-विधान से करनी चाहिए। धनतेरस का दिन भगवान कुबेर की पूजा के लिए बहुत शुभ माना जाता है।

इस दिन सुबह घर की सभी सफाई पूरी करने के बाद पूजा स्थल पर कुबेर देव की मूर्ति या प्रतिमा स्थापित करें।

अगर घर में कुबेर देव की मूर्ति नहीं है तो घर में पैसे बचाने या रखने के लिए रखी गई पेटी का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

अगर आप पूजा में मूर्ति या पेटी का इस्तेमाल कर रहे हैं तो उस पर रोली से स्वास्तिक बनाना चाहिए। लेकिन अगर आप मूर्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं तो मूर्ति के सामने स्वास्तिक बनाना चाहिए।

इसके बाद पूरी श्रद्धा के साथ मंत्रों का जाप करते हुए भगवान कुबेर का ध्यान करना चाहिए।

**108 बार ॐ कुबेराय नमः मंत्र का जाप करें।**

धन प्राप्ति के लिए भगवान कुबेर से प्रार्थना करते समय हल्दी, धनिया, कमल गट्टे, दूर्वा आदि को कपड़े और सूखी लकड़ी में रखना चाहिए।

अंत में नारियल या कुबेर देव की धूप, दीप और पुष्प से पूजा करनी चाहिए और भगवान को भोग भी लगाना चाहिए।

धनतेरस 2024 शुभ मुहूर्त

**कार्तिक माह कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि आरंभ- 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनट से**

**कार्तिक माह कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि समाप्त- 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर**

**उदयातिथि के अनुसार धनतेरस का त्यौहार- 29 अक्टूबर 2024**


**धनतेरस पूजा मुहूर्त - 29 अक्टूबर को शाम 6 बजकर 31 मिनट से रात 8 बजकर 13 मिनट तक**




**कुबेर देव का मंत्र**

**"ॐ श्री ॐ ह्रीं श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं क्लीं वित्तेश्वराय नमः"।**

**"ॐ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धन धान्याधिपतये धनधान्या समृद्धिम्देहि दापय दापय स्वाहा"।**



# पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करेंगे वरुण





**वरुण धवन** के करियर की गाड़ी बहुत ही शानदार चल रही है। वह हर तरह की फिल्मों का हिस्सा बन रहे हैं, अपना एक्टिंग टैलेंट दर्शकों के सामने लगा रहे हैं। जल्द ही वरुण अपने पिता के साथ रोमांटिक कॉमेडी फिल्म भी करने वाले हैं। इस फिल्म का नाम 'है जवानी तो इश्क होना है' रखा गया है। अब तक इस फिल्म के लिए हीरोइन की तलाश की जा रही थी, अब खबर मिली है कि फिल्म में वरुण के अपोजिट हीरोइन का नाम तय कर लिया गया है।

फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण के साथ जिस हीरोइन को लिया गया है, उनका नाम पूजा हेगड़े है। पूजा बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने सलमान खान से लेकर ऋतिक रोशन जैसे कलाकारों के साथ पर्दे पर इश्क फरमाया है। पूजा हेगड़े, ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'मोहनजोदड़ो' में नजर आईं, साथ ही उन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में बतौर हीरोइन काम किया। अब वह वरुण के साथ 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह वरुण के साथ रोमांस करेंगी। पूजा हेगड़े भी वरुण धवन के साथ फिल्म करने को लेकर खुश हैं। उनका कहना है कि वह लंबे समय से अलग किस्म के रोल तलाश रही हैं।

**मौजूदा काम खत्म कर करेंगे वरुण शूटिंग**

अभी तो वरुण धवन अपनी एक फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर व्यस्त हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, इसमें वरुण का अलग ही अंदाज नजर आएगा। जब वह इस फिल्म के प्रमोशन को पूरा कर लेंगे, तब ही अपने पिता डेविड धवन की अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

**अगले साल आएंगी कुछ और फिल्में भी**

वरुण धवन 'है जवानी तो इश्क होना है' के अलावा एक और फिल्म में भी अगले साल नजर आ सकते हैं। जिसमें उनके साथ जाह्नवी कपूर होंगी। इस फिल्म का नाम 'सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी' है। जाह्नवी और वरुण की जोड़ी पर्दे पर अच्छी नजर आती है, वे पहले भी फिल्म 'बवाल(2023)' में साथ नजर आ चुके हैं।

# इब्राहिम अली खान ने गले लगाया रूमर्ड गर्लफ्रेंड पलक को !



दिवाली से ठीक पहले फिल्म इंडस्ट्री की प्री-दिवाली पार्टियों की शुरुआत हो चुकी है। हाल ही में डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला ने दिवाली पार्टी होस्ट की थी, जहां इंडस्ट्री से जुड़ी कई हस्तियां शामिल हुई हैं। पार्टी के दौरान इब्राहिम अली खान ने अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड पलक तिवारी को गले लगाकर हर किसी का ध्यान खींच लिया है।

दिवाली पार्टी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पलक तिवारी कार से उतरकर पार्टी में एंटर होती नजर आ रही हैं। इस दौरान इब्राहिम अली खान ने उन्हें वेलकम कर गले लगाया है। इसके बाद इब्राहिम ने पलक का इंट्रोडक्शन वहीं खड़े विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया से भी करवाया है। पलक तिवारी पार्टी में ब्राउन टॉप और डेनिम में पहुंची थीं, जबकि इब्राहिम ब्लैक इंब्रॉइडरी सूट में पहुंचे थे। पार्टी से सामने आया ये वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। बताते चलें कि बीते कई महीनों से चर्चा है कि पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान डेट कर रहे हैं। डेटिंग की खबरों के बीच दोनों को कई मौकों पर साथ स्पॉट किया जा चुका है। रिपोर्ट्स ये भी रही हैं कि पलक तिवारी, इब्राहिम और उनके परिवार के साथ गोवा ट्रिप पर भी गई थीं। हालांकि ट्रिप से लौटते हुए सभी एयरपोर्ट से अलग-अलग निकले थे।

पलक और इब्राहिम ने साथ में न्यू ईयर पार्टी भी की थी। कई मौकों पर दोनों को पैपराजी से चेहरा छिपाते हुए भी देखा जा चुका है। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों साल 2022 से साथ हैं। वर्क फ्रंट पर इब्राहिम जल्द ही करण जौहर की फिल्म 'सरजमीं' से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे। इस फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आएंगे। इससे पहले इब्राहिम, करण के साथ उनकी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर भी काम कर चुके हैं। वहीं पलक, सलमान खान स्टारर 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आ चुकी हैं।

गूगल पर खूब सर्च की जा रहीं पलक तिवारी

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान को डेट करने की खबरों के बीच पलक तिवारी को खूब सर्च किया जा रहा है। पिछले 30 दिनों के गूगल ट्रेंड्स को देखें तो साफ है कि पलक को सर्च करने का ग्राफ तेजी से बढ़ा है।

# प्रभास के साथ काम करना चाहते हैं सूर्या



अभिनेता सूर्या इन दिनों अपनी फिल्म 'कंगुवा' के प्रमोशन में बिजी हैं। एक ऑडियो लांच इवेंट में उन्होंने एक्टर प्रभास के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे प्रभास ने उनका शानदार अतिथि सत्कार किया और स्वादिष्ट भोजन बनावाया था। उन्होंने एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके साथ खाना खाने का इंतजार किया।

सूर्या ने इस इवेंट में प्रभास के बारे में कहा वो सच्चे भाईचारे की मिसाल हैं। सूर्या ने प्रभास के साथ एक मनोरंजक एक्शन फिल्म में काम करने का अवसर पाने की अपनी इच्छा भी जताई। सूर्या और प्रभास एक दूसरे के साथ बहुत ही अच्छा रिश्ता साझा करते हैं। इस बात को सुनकर प्रशंसक भी उत्साहित हो गए। उन्होंने प्रभास के साथ काम करने की इच्छा जताई।

**सूर्या ने की प्रभास की तारीफ**

कंगुवा के ऑडियो लॉन्च के दौरान स्क्रीन पर प्रभास और उनकी तस्वीर दिखाई गई। इसमें वह अपने दोस्त को डार्लिंग कहे बिना नहीं रुक सके। उन्होंने अपने दोस्त की तारीफ की और अपनी एक खूबसूरत याद उनके साथ साझा की। सूर्या ने बताया कि उन्हें प्रभास से मिलना बहुत पसंद है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि किसी और को शूटिंग पर जाने की अनुमति मिली थी या नहीं लेकिन सूर्या बाहुबली के सेट पर जाकर उनसे मिलते थे।

**प्रभास ने किया था खाने पर इंतजार**

सूर्या ने बताया कि प्रभास बहुत अच्छे इंसान हैं। हमेशा की तरह उन्होंने डिनर करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि रात 11.30 बजे तक प्रभास अपनी रात का खाना तैयार करवा लेते थे। उस दिन वो मेरा इंतजार कर रहे थे। हमने साथ में अच्छा समय बिताया। उनके घर के खाने का मैं अभी भी इंतजार कर रहा हूं, इसलिए वो डार्लिंग हैं। मैं उनकी मां के हाथ का खाना खाने का इंतजार कर रहा हूं। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रभास जल्द ही अपनी फिल्म 'पुष्पा 2' में नजर आने वाले हैं।

# विद्या बालन ने ठुकराई थी 'भूल भुलैया 2':बोलीं- पहली फिल्म की छवि को बर्बाद नहीं कर सकती थी, रिस्क नहीं लिया



'भूल भुलैया' फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 2007 में आई थी और तब से ही इसे लेकर दर्शकों में काफी क्रेज है। इस फिल्म में विद्या बालन और अक्षय कुमार ने काम किया था। जब भूषण कुमार ने 'भूल भुलैया 2' बनाने का सोचा, तो उन्होंने विद्या बालन को रोल ऑफर किया, लेकिन विद्या ने मना कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें डर था कि वो पहली फिल्म जैसी सफलता दोहरा नहीं पाएंगी।

एक इवेंट के दौरान प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने बताया, 'मैंने विद्या जी को 'भूल भुलैया 2' के लिए अप्रोच किया था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। फिर ट्रेलर लॉन्च के वक्त रिक्वेस्ट की कि कम से कम ट्रेलर का हिस्सा बन जाएं। उन्होंने ट्रेलर पोस्ट किया, फिल्म को पसंद किया और वादा किया कि वो तीसरी फिल्म का हिस्सा बनेंगी।'

इस बारे में विद्या ने कहा, 'मुझे बहुत डर था क्योंकि भूल भुलैया 1 ने मुझे बहुत कुछ दिया है... मैंने कहा, 'मैंने गड़बड़ कर दी तो सब पानी फिर जाएगा।'

अब 'भूल भुलैया 3' में विद्या फिर शामिल हो रही हैं। उन्होंने बताया, 'मैं भूल भुलैया 2 में काम करना चाहती थी, लेकिन डर था। मैंने अनीस भाई से कह दिया कि ये रिस्क नहीं ले सकती। लेकिन जब तीसरे पार्ट का ऑफर आया, स्क्रिप्ट पसंद आई और चीजें बेहतर होती गईं।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'इसमें कार्तिक भी थे, मुझे भूल भुलैया 2 भी पसंद आई थी। और माधुरी दीक्षित भी थीं। मैंने हिम्मत जुटा ली और मजा आया। अनीस भाई एंटरटेनमेंट के बादशाह हैं, उनके साथ काम करना जादुई था।' फिल्म 'भूल भुलैया 3' 1 नवंबर को दिवाली पर रिलीज होगी।

# दुबई में बेटे के इवेंट में पहुंचे किंग खान, 'झूमे जो पठान' पर किया डांस, दिया सिग्नेचर पोज



शाहरुख खान अपने बेटे आर्यन खान के लग्जरी ब्रांड को शुरू से ही सपोर्ट कर रहे हैं। हाल ही में, अभिनेता ने दुबई में एक कार्यक्रम में भाग लिया और बेटे के ब्रांड लॉन्च में 'पठान' के अपने गाने 'झूमे जो पठान' पर खूब थिरके। इसके अलावा अभिनेता ने अपना सिग्नेचर स्टेप कर के भी फैंस की खूब सराहना बटोरी है। इस इवेंट के लिए शाहरुख ने ग्रे टी-शर्ट और पैंट, नीली जैकेट और काले रंग की टोपी पहनी हुई थी। अभिनेता ने स्टेज पर प्रशंसकों का अभिवादन किया और इसके लिए जोरदार प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने पिछले साल अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के लोकप्रिय टाइटल ट्रैक 'झूमे जो पठान' पर डांस भी किया।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में आर्यन खान को सफेद टी-शर्ट पहने प्रशंसकों के साथ पोज देते हुए देखा गया। इस कार्यक्रम में उनकी मां, इंटीरियर डिजाइनर-फिल्म निर्माता गौरी खान और बहन, अभिनेत्री सुहाना खान भी शामिल हुईं। शाहरुख के करीबी दोस्त और अभिनेता संजय कपूर ने भी शाहरुख का 'झूमे जो पठान' पर डांस करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शेयर किया और आर्यन के ब्रांड को बधाई दी।

**इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं अभिनेता**


अपने लग्जरी ब्रांड चलाने के अलावा आर्यन एक फिल्म निर्माता भी हैं। उन्होंने स्टारडम की शूटिंग पूरी कर ली है, जो उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। यह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के अंदरूनी कामकाज पर आधारित एक शो है। इसे शाहरुख और गौरी के बैनर रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। हालांकि, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म या रिलीज की तारीख की घोषणा अभी तक नहीं की गई है।

# श्रद्धा कपूर ने बांधे तमन्ना भाटिया की खूबसूरती के पुल




तमन्ना भाटिया और श्रद्धा कपूर ने फिल्म स्त्री 2 में एक साथ अभिनय किया है। तभी से दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे के साथ दोस्ताना रिश्ता साझा करती हैं। तमन्ना ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपना लेटेस्ट लुक साझा किया। इन नई तस्वीरों में तमन्ना गुलाबी लहंगे में बेहद खूबसूरत नजर आईं, जिससे प्रशंसक हैरान रह गए। तमन्ना की इन्हीं तस्वीरों पर अब श्रद्धा ने भी एक मजेदार कमेंट किया है, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

तमन्ना की इन खूबसूरत तस्वीरों को देखकर स्त्री 2 की सह-कलाकार श्रद्धा कपूर अपनी खुशी को रोक नहीं पाईं और कमेंट में तमन्ना को 'अनानास' कहा और 'बहुत अच्छी, बहुत अच्छी' दिखने की तारीफ की। तमन्ना की पोस्ट पर श्रद्धा के इस मजेदार कमेंट ने सभी का ध्यान खींचा। तमन्ना और श्रद्धा के प्रशंसक लगातार कमेंट कर रहे हैं और दोनों अभिनेत्रियों की दोस्ती को खास बता रहे हैं।



तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गुलाबी लहंगे में शानदार, सिजलिंग तस्वीरें साझा कीं, जिन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस आउटफिट में तमन्ना ने गुलाबी रंग का फुल-स्लीव ब्लाउज सिंपल लेकिन एलिगेंट बैकलेस डिजाइन पहना। उन्होंने ब्लाउज को मैचिंग लहंगे और दुपट्टे के साथ पेयर किया। अभिनेत्री ने एक आकर्षक गोल्डन नेकलेस और दोनों कलाइयों पर ब्रेसलेट का कलेक्शन पहना, जो क्लासी वाइब्स दे रहा है। अपने आउटफिट के साथ तमन्ना ने कैप्शन में मजेदार शब्द फुलझड़ी लिखा।

**तमन्ना की तस्वीरों पर कमेंट्स**

तमन्ना ने जैसे ही अपना पोस्ट साझा किया, श्रद्धा कपूर अपनी खुशी रोक नहीं पाईं और कमेंट में उन्हें "पाइनएप्पल" कहकर तारीफ की, "बहुत अच्छी लग रही हो, बहुत अच्छी।" राशि खन्ना ने "सुंदरी" लिखा, जबकि मुनमुन दत्ता ने बस इतना लिखा, "खूबसूरत।" राशा थडानी ने अपनी प्रशंसा जाहिर करते हुए कई दिल वाले इमोजी जोड़े।

**प्रशंसकों ने भी तारीफ**

तमन्ना के प्रशंसकों ने भी उनकी जमकर तारीफ करते हुए कमेंट्स की बाढ़ ला दी। एक प्रशंसक ने मजाकिया अंदाज लिखा, "@shraddhakapoor स्त्री का कमेंट आ गया! बात खत्म" एक और प्रशंसक ने लिखा, "बहुत सुंदर, प्यारी प्यारी तमन्ना।" एक और प्रशंसक ने लिखा, "आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं, तम्मू," और ज्यादातर प्रशंसक ने उन्हें "ब्यूटी क्वीन" का खिताब दिया।

# ममेरी बहन के साथ दुबई में छुट्टियां मना रहीं सुहाना खान, शाहरुख की लाडली ने साझा कीं तस्वीरें



शाहरुख खान और गौरी की बेटी सुहाना खान चर्चित स्टारकिड्स में शामिल हैं। ओटीटी पर 'द आर्चीज' से अभिनय की दुनिया में डेब्यू करने के बाद सुहाना बड़े परदे पर आने की तैयारी में हैं। वे अपने पिता के साथ फिल्म 'किंग' में दिखाई देंगी। फिलहाल सुहाना दुबई घूमने निकली हैं। वे अपनी ममेरी बहन आलिया छिब्बा के साथ वहां एंजॉय कर रही हैं।

**आलिया ने साझा कीं तस्वीरें**

सुहाना खान और आलिया दुबई में समुद्र किनारे बैठी पोज देती नजर आ रही हैं। सुहाने मौसम में दोनों बहनें कॉफी का लुत्फ उठा रही हैं। आलिया छिब्बा गौरी खान के भाई विक्रांत छिब्बा और नमिता छिब्बा की बेटी हैं। सुहाना के साथ आलिया की काफी अच्छी बॉन्डिंग है। दोनों अक्सर साथ में छुट्टियां मनाती नजर आती हैं।

**बहनों की बॉन्डिंग पर यूजर्स ने लुटाया प्यार**

आलिया छिब्बा के पोस्ट पर कजिन सुहाना खान ने रिएक्ट किया है। उन्होंने पोस्ट पर दो इमोजी पोस्ट किए हैं।

सुहाना खान और आलिया के लुक और दोनों के बीच की बॉन्डिंग ने यूजर्स का दिल जीत लिया है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं, 'आप दोनों बहुत प्यारी लग रही हो'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'क्या कमाल लग रही हो'।

## महत्वपूर्ण खनिजों पर कार्यशाला 8 नवंबर को

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। देश की खनिज आवश्यकताओं को पूरा करने के तरीकों और साधनों का पता लगाने के लिए 8 नवंबर को उस्मानिया विश्वविद्यालय के अन्वेषण भूभौतिकी केंद्र में भूवैज्ञानिक सोसायटी के तत्वावधान में एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। डॉ. ईवीएसएसके बाबू मुख्य वैज्ञानिक एवं भू-कालक्रम और आइसोटोप अध्ययन समूह के प्रमुख, एनजीआरआई, हैदराबाद महत्वपूर्ण खनिज: वर्तमान परिदृश्य और चुनौतियां विषय पर बात करेंगे, जबकि डॉ. एमएन प्रवीण, उप महानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, हैदराबाद, 'भारत में महत्वपूर्ण खनिजों के लिए भूवैज्ञानिक क्षमता: खोज क्षेत्र को व्यापक बनाने की आवश्यकता' विषय पर बात करेंगे। 'भारत में महत्वपूर्ण खनिज- एक परिप्रेक्ष्य' पर एक अन्य सत्र परमाणु खनिज प्रभाग, हैदराबाद के निदेशक/उप निदेशक द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

# बीआरएस विधायकों ने पीएसी बैठक से किया वॉकआउट

## विधानसभा परंपराओं के उल्लंघन का आरोप

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस विधायकों ने सोमवार को राज्य विधानसभा में आयोजित लोक लेखा समिति (पीएसी) की बैठक से वॉकआउट किया और सेरलिंगमपल्ली के विधायक अरेकापुडी गांधी को पीएसी अध्यक्ष नियुक्त करने का विरोध किया। पूर्व मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी के नेतृत्व में विधायकों ने नियुक्ति की आलोचना की तथा इसे सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा विधानसभा की परंपराओं का खुला उल्लंघन बताया। विधायी मामलों के मंत्री डी. श्रीधर बाबू के इस दावे से विपक्ष को राहत नहीं मिली कि गांधी अभी भी बीआरएस के विधायक हैं, जिन्होंने नियुक्ति के पीछे पार्टी की निष्ठा और उद्देश्यों पर सवाल उठाए।



बाद में तेलंगाना भवन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए प्रशांत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस ने गांधी को प्रभावशाली पीएसी अध्यक्ष के पद पर अवैध रूप से नियुक्त किया है, जो परंपरागत रूप से विपक्षी विधायक को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बीआरएस से कांग्रेस में आए अरेकापुडी गांधी को कांग्रेस ने लंबे समय से चली आ रही परंपराओं के खिलाफ नियुक्त किया है, जिसमें हमारे नेता और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा अनुशंसित उम्मीदवार टी हरीश राव की अनदेखी की गई है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस अपने फैसले पर पुनर्विचार करे और कम से कम अब परंपराओं का सम्मान करे।

उन्होंने याद दिलाया कि जब बीआरएस सत्ता में थी, तो उन्होंने कांग्रेस द्वारा सुझाए गए कृष्ण रेड्डी और गीता रेड्डी जैसे उम्मीदवारों को पीएसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया था। उन्होंने बताया कि केंद्र में भी, कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा अनुशंसित केसी वेणुगोपाल को संसद में पीएसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता खुद ही एक-दूसरे का खंडन कर रहे हैं, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी दलबदलू विधायकों के साथ बैठकें कर रहे हैं और टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ विपक्षी विधायकों को पार्टी में शामिल करने का बचाव कर रहे हैं। कांग्रेस एमएलसी टी जीवन रेड्डी ने दलबदलुओं को अयोग्य ठहराने की मांग की, जबकि टीपीसीसी अभियान समिति के अध्यक्ष मधु यशकी गौड़ ने टिप्पणी की कि विधायक अपनी संपत्तियों की रक्षा के लिए सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हुए हैं।

बीआरएस एमएलसी सत्यवती राठौड़ ने कांग्रेस की बुलडोजर राजनीति की निंदा की और कांग्रेस पर दलबदलू विधायकों को पुरस्कृत करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा दलबदलू विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने का सुझाव दिए जाने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया।

# टीजीएसपी के 10 कर्मी बर्खास्त

## आंदोलन में शामिल होने का आरोप

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। चल रहे आंदोलन में शामिल होने के आरोप में रविवार देर रात 10 टीजीएसपी कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। एक प्रेस नोट में टीजीएसपी अधिकारियों ने कहा कि कुछ टीजीएसपी कर्मियों ने तेलंगाना में बटालियन परिसर के अंदर और हैदराबाद सहित कई स्थानों की सड़कों पर आंदोलन किया था। प्रेस नोट में कहा गया है कि तेलंगाना विशेष पुलिस (टीजीएसपी) के अनुशासन को सुदृढ़ करने और मूल मूल्यों को बनाए रखने के लिए, हैदराबाद सहित तेलंगाना में सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत आंदोलन और हड़ताल में शामिल होने के बाद कुछ कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

नोट में कहा गया है कि इन व्यक्तियों ने बार-बार चेतावनी दिए जाने और विघटनकारी व्यवहार से बचने के अवसरों के बावजूद ऐसी कार्रवाइयों में भाग लिया, जिससे बटालियन का अनुशासन कमज़ोर हुआ, ऑपरेशनल सामंजस्य को खतरा हुआ और बल की छवि धूमिल हुई। नतीजतन, सार्वजनिक हित से समझौता करने वाली परिस्थितियों में भारत के संविधान के अनुच्छेद 311(2)(बी) के तहत उनकी बर्खास्तगी का आदेश दिया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि बर्खास्त कर्मियों ने कथित तौर पर बटालियनों के भीतर अशांति को भड़काया, जिससे मनोबल और कार्यकुशलता पर बुरा असर पड़ा। उनके कार्य सरकारी कर्मचारियों से अपेक्षित आचरण का सीधा उल्लंघन दर्शाते हैं, जिसमें ईमानदारी, कर्तव्य के प्रति समर्पण और नियमों का पालन शामिल है जो बल को बदनाम करने वाले व्यवहार को रोकते हैं और साथ ही बल के मनोबल को भी नुकसान पहुंचाते हैं। इस तरह का आचरण टीजीएसपी के लिए तेलंगाना में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए आवश्यक आंतरिक अनुशासन को बाधित करता है।

इन घटनाओं की बारीकियों की जांच करने के लिए एक जांच शुरू की गई थी, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों को बटालियन की गतिविधियों पर बारीकी से नज़र रखने और एक अनुशासित, सम्मानजनक कार्य वातावरण को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया था। प्रेस नोट में कहा गया है कि आचरण मानकों का उल्लंघन करने वाले किसी भी कार्मिक के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। यह भी सूचित किया जाता है कि वर्दीधारी बलों में अनुशासनहीनता एक बहुत ही गंभीर मामला है, जिसके लिए पुलिस बल (अधिकारों के प्रतिबंध) अधिनियम और पुलिस (असंतोष भड़काना) अधिनियम के प्रावधान लागू होते हैं और कानून के अनुसार दंडित किया जा सकता है। नियमों का उल्लंघन करने पर आपराधिक कार्रवाई की जाती है।

# केटीआर ने बच्ची वेदश्री के परिवार से मुलाकात की

## हाइड्रा विध्वंस में बच्ची का घर टूटा

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर ने बच्ची वेदश्री के परिवार से मुलाकात की, जिन्होंने हाइड्रा विध्वंस के कारण अपने घर खो दिए थे। भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर ने बच्ची वेदश्री के परिवार से मुलाकात की, जिसने हाइड्रा विध्वंस के कारण अपनी किताबों के साथ अपना घर खो दिया था। वेदश्री से बात की और पूछा कि जिस दिन मकान तोड़े गए उस दिन क्या हुआ था। अपनी किताबें खोने वाली वेदश्री को किताबों के साथ बैग भी दिए गए। केटीआर ने उनके परिवार को वित्तीय सहायता भी प्रदान की। इस मौके पर वेदश्री के परिजनों ने केटीआर से अपना दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हाइड्रा के ध्वस्त होने से हमारे बच्चे और पूरा परिवार सड़क पर गिर गये।



उन्होंने कहा कि रेवंत सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किये गये निबंधन में बने मकानों को तोड़कर गरीबों के प्रति निर्ममतापूर्वक काम किया है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार अचानक आकर गरीबों का घर तोड़ देना बहुत अनुचित है। उन्होंने कहा कि कम से कम गरीबों की मानवता का परिचय दिये बगैर इस सरकार की अराजकता को जनता जरूर समझेगी। वेदश्री ने आश्वासन दिया कि वे परिवार के साथ खड़े रहेंगे। इस मौके पर केटीआर ने कहा कि बीआरएस हाइड्रा के सभी पीड़ितों को कानूनी सहायता प्रदान करेगा।

## कोमटिरेड्डी ने तेलंगाना की लोक परंपराओं पर अधिक फिल्में बनाने का आह्वान किया

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क एवं भवन तथा छायांकन मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने तेलुगु सिनेमा के विकास तथा लोक परंपराओं पर आधारित अधिक फिल्मों की आवश्यकता के लिए पुरजोर समर्थन व्यक्त किया है। मंत्री ने सोमवार को यहां अपने आवास पर ममता आर्ट्स प्रोडक्शन की फिल्म ब्रह्माण्ड का टीजर लॉन्च किया, जिसमें बनी राजू मुख्य भूमिका में हैं तथा जो ओग्गू लोक कलाकारों के जीवन पर आधारित है। इस अवसर पर कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने ग्रामीण तथा आध्यात्मिक जीवन पर प्रकाश डालने वाली फिल्मों के सांस्कृतिक मूल्य पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि बहुत कम फिल्में तेलंगाना की अनूठी सांस्कृतिक विरासत तथा लोककथाओं पर केंद्रित होती हैं। तेलंगाना की समृद्ध लोककथाओं तथा पारंपरिक कलाओं को दर्शाने वाली अधिक फिल्मों की आवश्यकता है, उन्होंने ब्रह्माण्ड की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने ओग्गू लोक कलाकारों को अपने मुख्य विषय के रूप में चुना है।

### सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की मौत, 2 घायल

संगारेड्डी, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सदाशिवपेट मंडल के निजामपुर में एनएच-65 पर सोमवार तड़के एक तेज रफ्तार लॉरी ने खड़ी लॉरी को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए चूंकि घायलों में से एक क्षतिग्रस्त ट्रक में फंसा हुआ था, इसलिए पुलिस उसे निकालने का प्रयास कर रही थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदाशिवपेट के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ितों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

## व्यापारियों ने अवैध रूप से की धान की ढुलाई

### 80 क्विंटल अनाज जब्त



कुमराम भीम आसिफाबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को चिंतलामनेपल्ली मंडल के गुडेम गांव में महाराष्ट्र से तेलंगाना में अवैध रूप से ले जाए जा रहे 80 क्विंटल धान जब्त किए गए। चिंतलामनेपल्ली पुलिस के अनुसार, अंतर-राज्यीय चेकपोस्ट पर धान ले जाने के लिए ड्राइवर द्वारा संबंधित दस्तावेज नहीं दिखाए जाने पर धान को जब्त कर लिए गए। अनाज को आगे की कार्रवाई के लिए नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया। पता चला कि कुछ व्यापारी किसानों को सरकार द्वारा घोषित 500 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस पाने के लिए तेलंगाना में अनाज भेज रहे थे। पड़ोसी राज्यों से तेलंगाना में अनाज के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेकपोस्ट बनाए गए थे।

# शिकायतों का समय पर समाधान किया जाना चाहिए : डिप्टी मेयर

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। डिप्टी मेयर मोटे श्रीलता शोभन रेड्डी ने अधिकारियों को सार्वजनिक डोमेन में प्राप्त शिकायतों को समय पर हल करने का निर्देश दिया है। सोमवार को जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित एक सार्वजनिक संबोधन में जीएचएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उप-महापौर को शहर भर के लोगों से सराहना मिली। उनकी समस्याओं के बारे में पूछने के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव दिये। इस मौके पर डिप्टी मेयर मोटे श्रीलता शोभन रेड्डी ने कहा कि यह सुझाव दिया गया है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को सार्वजनिक रूप से प्राप्त आवेदनों का निपटारा करना चाहिए। अधिकारियों को सलाह दी कि वे बिना किसी देरी के समस्या का समाधान करें और संबंधित याचिकाकर्ताओं को सूचित करें और यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो कारण लिखित में दिया जाना चाहिए। अधिकारियों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित विभागों द्वारा



प्राप्त आरजी के समाधान में विशेष पहल करें। फोन-इन कार्यक्रम के माध्यम से चार अनुरोध प्राप्त हुए और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजे गए। जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित सार्वजनिक सुनवाई में, 88 अनुरोध प्राप्त हुए, जिनमें से आवास/झील विभाग से 43, टाउन प्लानिंग 23, कर अनुभाग 8, ईएनसी 3, एलडब्ल्यूएस, एफए, स्वच्छता विभाग 2-2, सीएम और एचओ से प्राप्त हुए। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रिकल, संपदा, पशु चिकित्सा और एचएमडब्ल्यूएसबी विभागों को एक-एक अनुरोध प्राप्त हुआ है। जीएचएमसी के तहत छह क्षेत्रों में कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से कुकटपल्ली जोन में 42, सेरलिंगमपल्ली जोन में 16, सिकंदराबाद जोन में 14, एलबीनगर जोन में 9, चारमीनार जोन में 6 और खैरताबाद जोन में 2 शिकायतें प्राप्त हुईं।

कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त नलिनी पद्मावती, यादगिरी राव, चंद्रकांत रेड्डी, पंकजा, सत्यनारायण, सीसीपी श्रीनिवास, अतिरिक्त सीसीपी गंगाधर, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दुल वकील और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

## आंध्र प्रदेश के तीन नए अतिरिक्त न्यायाधीशों ने शपथ ली

अमरावती, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश धीरज सिंह ठाकुर ने आज तीन नवनियुक्त न्यायाधीशों को आंध्र प्रदेश राज्य सर्वोच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति महेश्वर राव कुंचम उर्फ कुंचम, न्यायमूर्ति थूता चंद्र धन शेखर उर्फ टीसीडी शेखर और चल्ला गुणरंजन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के प्रथम न्यायालय कक्ष में शपथ ली। अतिरिक्त न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण समारोह में उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश, महाधिवक्ता दम्मालापति श्रीनिवास, एपी बार काउंसिल के अध्यक्ष द्वारकानाथ रेड्डी, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के. चिदंबरम, उप सॉलिसिटर जनरल पी. पोन्ना राव, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल डॉ.वाई. लक्ष्मण राव, कई रजिस्ट्रार, बार एसोसिएशन, बार काउंसिल के सदस्य और अन्य लोग शामिल हुए।

# शब्बीर अली ने केटीआर के नारकोटिक्स परीक्षण की मांग की

## जनवाड़ा फार्महाउस घटना पर आरोप की बौछार

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर ने बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं तथा कथित अवैध गतिविधियों में उनकी संलिप्तता के बारे में पारदर्शिता की मांग की है। शब्बीर अली ने मांग की है कि केटीआर और उनके बहनोई राज पकाला दोनों नारकोटिक्स परीक्षण करवाएं तथा कहा कि इससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि जनवाड़ा में एक निजी फार्महाउस में रिपोर्ट की गई नशीली दवाओं से संबंधित घटनाओं से उनका कोई संबंध है या नहीं। सोमवार को यहां गांधी भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा, केटीआर, यदि आपके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो आप नारकोटिक्स परीक्षण करवाएं और प्रमाण पत्र जनता के सामने प्रस्तुत करें। नशीली दवाओं का



विषय आने पर केटीआर हमेशा रक्षात्मक तरीके से प्रतिक्रिया क्यों देते हैं? अवैध शराब उनके बहनोई के फार्महाउस तक पहुंच गई- क्यों? शब्बीर अली ने केटीआर के बहनोई की भी आलोचना की, जिन्होंने कथित तौर पर फार्महाउस का इस्तेमाल जुआ, ड्रग्स और अन्य अवैध गतिविधियों के लिए किया। कांग्रेस नेता ने आगे की चिंताओं को उठाते हुए परिवार की स्पष्ट संपत्ति पर सवाल उठाया और पूछा, केसीआर का परिवार, जो कभी साधारण चप्पल पहनता था, उसने इतनी बड़ी संपत्ति कैसे अर्जित की? उन्होंने परिवार की संपत्तियों की जांच की मांग की, और सरकार से केसीआर के लगभग 50 परिवार के सदस्यों के स्वामित्व वाली संपत्तियों की जांच करने का आग्रह किया। उन्होंने पिछली बीआरएस सरकार पर विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने का भी आरोप लगाया, जिन्होंने सार्वजनिक मुद्दों को प्रकाश में लाया, उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन सांसद रेवंत रेड्डी को इसी तरह की चिंताओं को उजागर करने के लिए 40 दिनों के लिए अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में रखा गया था। शब्बीर ने आरोप लगाया कि बीआरएस सरकार ने मुकदमे के दौरान रेवंत रेड्डी की जान को खतरे में डालने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि राज पकाला के जनवाड़ा फार्महाउस पर पुलिस की छापेमारी के पीछे पुख्ता सबूत हैं और लोगों को भरोसा दिलाया कि इन मामलों से जुड़े सभी तथ्य जल्द ही सामने आ जाएंगे।

## वाईएसआरसीपी सरकार के गुप्त सरकारी आदेशों को सार्वजनिक करने का फैसला

अमरावती, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। उसने वाईएसआरसीपी सरकार में गुप्त रखे गए सभी सरकारी आदेशों को उजागर करने का फैसला किया है।

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के सचिव एस सुरेश कुमार ने एक आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को 15 अगस्त, 2021 से 28 अगस्त, 2024 तक जारी किए गए सभी गुप्त सरकारी आदेशों को जीओआईआर वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। जीओआईआर वेबसाइट 2008 में शुरू की गई थी। तब से, सरकारी आदेशों और जीओ की प्रतियां इस पर अपलोड की गई हैं। हालांकि, वाईएसआरसीपी शासन के दौरान 15 अगस्त, 2021 और 28 अगस्त, 2024 के बीच जारी किए गए आदेश साइट पर अपलोड नहीं किए गए थे।

## दमरे ने दिवाली और छठ त्योहारों के दौरान यात्री यातायात को संभालने की व्यवस्था की

### आरपीएफ अधिकारियों और पर्यवेक्षी कर्मचारियों की भी तैनाती

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दिवाली त्योहार और छठ पूजा के दौरान रेल यात्रा की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, दक्षिण मध्य रेलवे ने इस त्यौहारी सीज़न के दौरान यात्री यातायात की अतिरिक्त भीड़ को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए कमर कस ली है। त्यौहार और छुट्टियों के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए लोकप्रिय मार्गों पर विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। सीजन के दौरान, दमरे ने 850 विशेष ट्रेनें चलाने की व्यवस्था की है, इसके अलावा मांग को पूरा करने के लिए मौजूदा ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतीक्षा सूची वाले यात्री आराम से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। सुचारू टिकटिंग की सुविधा के लिए, प्रमुख स्टेशनों पर 14 अतिरिक्त काउंटरों के साथ सामान्य टिकटिंग संचालन को मजबूत किया गया है, साथ ही मांग के आधार पर काउंटरों की संख्या बढ़ाने की योजना है।

इसके अतिरिक्त, एससीआर व्यस्त यात्रा समय के दौरान कतारों और भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और टिकट जांच कर्मचारियों की तैनाती को मजबूत कर रहा है। यात्रियों की भीड़ की जरूरतों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी और समीक्षा करने के लिए सिकंदराबाद, हैदराबाद, काचीगुडा, विजयवाड़ा, गुंटूर और तिरुपति आदि सभी प्रमुख स्टेशनों पर मुख्यालय और डिवीजनों के अधिकारियों को तैनात किया गया है। ट्रेनों के सभी आरक्षित कोचों की निगरानी के लिए पर्याप्त टिकट जांच कर्मचारी तैनात किए गए हैं, बिना टिकट यात्रा को रोकने और वास्तविक यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए विशेष टिकट जांच दल बनाए गए हैं। स्टेशनों पर खानपान स्टॉल प्रबंधकों को अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त खाद्य पदार्थ रखने का निर्देश दिया गया है और पर्याप्त ऑनबोर्ड खानपान सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए आईआरसीटीसी के साथ समन्वय किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, रेलवे सुरक्षा बल ने भी त्योहार के मौसम के दौरान स्टेशनों पर भीड़ को प्रबंधित इसके अलावा, स्टेशनों पर औचक निरीक्षण करने के लिए आरपीएफ अधिकारियों और पर्यवेक्षी कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है।

# शहर में 'अशांति' की आशंका, एक महीने के लिए निषेधाज्ञा लागू

## जुलूस और रैलियों पर प्रतिबंध

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विभिन्न संगठनों या दलों द्वारा गड़बड़ी की आशंका के चलते हैदराबाद पुलिस ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है, जिसके तहत एक महीने के लिए 5 या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, जुलूस और रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने कहा कि पुलिस को विश्वसनीय जानकारी मिली है कि कई संगठन/पार्टियां धरना और विरोध प्रदर्शन करके हैदराबाद शहर में सार्वजनिक शांति और व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए अशांति पैदा करने की कोशिश कर रही हैं।

आयुक्त द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि हैदराबाद शहर में सार्वजनिक व्यवस्था, शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हैदराबाद शहर के पुलिस आयुक्त, आईपीएस, सीवी आनंद, एतद्द्वारा 5 या अधिक व्यक्तियों के हर प्रकार के जमावड़े, जुलूस, धरना, रैली या सार्वजनिक सभाओं पर रोक लगाते हैं और किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह



को कोई भी भाषण देने, हाव-भाव करने या चित्र, कोई प्रतीक, तख्तियां, झंडे और इलेक्ट्रॉनिक रूप के किसी भी प्रकार के संदेश आदि प्रदर्शित करने से रोकते हैं, जिससे हैदराबाद और सिकंदराबाद की सीमाओं में सार्वजनिक शांति और व्यवस्था में गड़बड़ी होने की संभावना है।

शांतिपूर्ण धरना और विरोध प्रदर्शन केवल इंदिरा पार्क और धरना चौक पर ही करने की अनुमति है तथा हैदराबाद और सिकंदराबाद में कहीं भी किसी भी विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। कोई भी व्यक्ति, विशेष रूप से सचिवालय और अन्य संवेदनशील स्थानों के आसपास प्रतिबंध आदेशों का उल्लंघन करने पर, उचित दंड प्रावधानों के अंतर्गत अभियोजन का भागी होगा।

विधिवत रूप से उपस्थित पुलिस अधिकारी (होमगार्ड और एसपीओ सहित), ड्यूटी पर तैनात सैन्य कार्मिक, वास्तविक शवयात्रा, शिक्षा विभाग के उड़नदस्ते तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत छूट प्राप्त व्यक्ति या समूह को इस आदेश से छूट रहेगी। यह आदेश 27 अक्टूबर शाम 6 बजे से लागू हो गया है तथा 28 नवंबर शाम 6 बजे तक लागू रहेगा। यह निषेधाज्ञा विपक्षी दलों द्वारा मूसी रिवरफ्रंट विकास परियोजना के लिए मूसी नदी तल और बफर जोन में मकानों को गिराने की योजना के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन और तेलंगाना राज्य पुलिस बल बटालियन के कांस्टेबलों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा बेहतर सेवा शर्तों के लिए विरोध प्रदर्शन के कारण उत्पन्न राजनीतिक तनाव के बीच जारी है। कांस्टेबलों की पत्नियों ने दो दिन पहले राज्य सचिवालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया था। हाल ही में सिकंदराबाद के एक मंदिर में तोड़फोड़ की घटना को लेकर शहर में हिंसक विरोध प्रदर्शन भी हुए। तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग की ग्रुप-1 परीक्षा के उम्मीदवारों के समर्थन में विपक्षी बीआरएस और भाजपा ने भी परीक्षा स्थगित करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

## नहर में मिला लापता डॉक्टर का शव

जगतियाल, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मेटपल्ली मंडल के विट्टमपेटा के निकट एसआरएसपी बाढ़ प्रवाह नहर में रविवार को लापता हुए निजी चिकित्सक उदय कुमार रेड्डी (29) का शव सोमवार सुबह बरामद किया गया। लापता डॉक्टर की तलाश में जुटी पुलिस को सुबह घटनास्थल से कुछ दूरी पर उसका शव मिला। हनमकोंडा के मूल निवासी उदय कुमार मेटपल्ली के यशोदा अस्पताल में कार्यरत हैं। वह दो अन्य डॉक्टरों डॉ. प्रशांत कुमार और डॉ. अशोक रेड्डी, एक अस्पताल के मालिक आत्मकुरी राजू और एक अन्य व्यक्ति लिंगाला लिकिथ रेड्डी के साथ मेटपल्ली मंडल के मेटला चित्तपुर में एक पार्टी करने गए थे। लौटते समय वे मौके पर ही रुक गए। उदय कुमार रेड्डी और प्रशांत कुमार नहाने के लिए नहर में उतर गए। नहर पार करने की कोशिश में दोनों डॉक्टर पानी के तेज बहाव के कारण बीच में ही फंस गए और बह गए। हालांकि प्रशांत कुमार कुछ दूरी तय करने के बाद बैंक तक पहुंचने में सफल रहे, लेकिन उदय कुमार लापता हो गया। लापता डॉक्टर की तलाश के लिए पुलिस ने अभियान चलाया और सुबह घटनास्थल से कुछ दूरी पर उसका शव बरामद किया।

## अगली जनगणना में शामिल होगी सभी जातियों की गणना?

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने सोमवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि क्या अगली जनगणना में सभी जातियों की व्यापक गणना शामिल होगी और क्या जनगणना का उपयोग लोकसभा में प्रत्येक राज्य की शक्ति तय करने के लिए किया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि महा पंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) और जनगणना आयुक्त का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है, जिसका मतलब है कि 2021 में होने वाली जो जनगणना लंबे समय से टली हुई थी, अब जल्द ही होगी। रमेश ने कहा, लेकिन अभी भी दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर कोई स्पष्टता नहीं है। क्या इस नई जनगणना में देश की सभी जातियों की विस्तृत गणना होगी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

## तापमान बढ़ोत्तरी सीमित रखने में योजनाएं फेल

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। जलवायु परिवर्तन की योजनाएं तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित रखने के लिए नाकाफी हैं। जलवायु परिवर्तन का आकलन करने वाली संयुक्त राष्ट्र (संरा) की संस्था, जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल ने कहा कि वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वैश्विक उत्सर्जन में 2030 तक 43 प्रतिशत और 2035 तक 60 प्रतिशत कमी लाना जरूरी होगा। हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन पर काबू पाने के लिए देशों की मौजूदा राष्ट्रीय कार्य योजनाएं 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन में 2019 के स्तर के मुकाबले महज 2.6 प्रतिशत तक ही इसे कम कर सकती हैं।

वर्ष-29 अंक : 217 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.12 2081 मंगलवार, 29 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

# 'शरद ने परिवार में फूट डाली'

### *अजित ने कहा पहले मैंने गलती की, अब वे कर रहे*

मुंबई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम अजित पवार और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) चीफ राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे ने नामांकन दाखिल किया। शिंदे ने ठाणे की कोपरी पाचपाखडी, पवार ने बारामती और ठाकरे ने माहिम सीट से नामांकन भरा।



अजित के खिलाफ बारामती सीट से उनके भतीजे युगेंद्र पवार ने एनसीपी-शरद गुट से नामांकन भरा। इस दौरान शरद पवार और बारामती की सांसद सुप्रिया सुले भी मौजूद थीं। सुप्रिया ने लोकसभा चुनाव में अजित पवार की पत्नी और अपनी भाभी सुनेत्रा पवार को हराया था। अजित नामांकन के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने भतीजे के चुनाव लड़ने पर कहा, एनसीपी संरक्षक शरद पवार ने परिवार में फूट डाली और उनके खिलाफ उम्मीदवार खड़ा किया। पहले मैंने गलती की थी, लेकिन ऐसा लगता है कि अब दूसरे लोग भी गलती कर रहे हैं।

अजित पवार ने कहा, राजनीति को इतने निचले स्तर पर नहीं लाया जाना चाहिए, क्योंकि पीढ़ियों को एक होने में समय लगता है और परिवार को तोड़ने में एक पल भी नहीं लगता। पवार ने बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी सुनेत्रा को लोकसभा चुनाव लड़वाया था। हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था।

# 4 हजार करोड़ का बैंक फ्रॉड-5 राज्यों में एक्शन

### *ईडी ने प्रमोटर्स की 503 करोड़ की संपत्तियां जब्त कीं, इसमें बैंक बैलेंस-शेयर भी शामिल*

नागपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) नागपुर ने 4,037 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी केस में 5 राज्यों में कार्रवाई की है। एजेंसी ने महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में 503.16 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की हैं। ये संपत्तियां 24 अक्टूबर को जब्त की गई थीं। इसके साथ ही जब्त की गई कुल संपत्ति लगभग 727 करोड़ रुपये हो गई है।

मामला कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप के तहत हुई जांच से जुड़ा है। कुर्क संपत्तियों में बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, शेयर, कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और मनोज कुमार जायसवाल और उनके परिजन के अलावा कई शेल कंपनियों के नाम ली गई प्रॉपर्टी शामिल हैं।

**ब्याज समेत 11 हजार करोड़ से ज्यादा का हेर-फेर :**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। यूनियन बैंक के मुताबिक आरोपियों ने लोन लेने के लिए प्रोजेक्ट डीटेल में हेरफेर की और इसके बाद बैंक के फंड को डायवर्ट किया था। इसके चलते बैंक को 4,037 करोड़ रुपये, ब्याज समेत 11,379 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इससे पहले इस मामले में ईडी ने नागपुर, कोलकाता और विशाखापट्टनम में कई जगह तलाशी अभियान चलाकर आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए थे। ईडी ने अपराध की आय भी जब्त की थी। जिसमें 223.33 करोड़ रुपये के लिस्टेड शेयर और सिक्योरिटी, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट और बैंक बैलेंस शामिल थे। साथ ही 55.85 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की थी। कॉरपोरेट पावर, एक स्पेशल पर्पज व्हीकल सेटअप था, जिसकी स्थापना 2006 में अभिजीत ग्रुप ने की थी। इसका मकसद झारखंड में अपने पावर वेंचर के लिए पैसा जुटाना था। 2019 में यूनियन बैंक ने कॉरपोर्ट पावर लिमिटेड के अकाउंट्स को फ्रॉड घोषित किया और 2022 में सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी। ईडी की जांच में पता चला था कि सीपीएल के अलावा, अभिजीत ग्रुप की बाकी संस्थाओं ने भी इस तरह के बैंक लोन फ्रॉड को अंजाम दिया था।

## जाति जनगणना की कोई रिपोर्ट नहीं, केवल सामाजिक-आर्थिक आंकड़े उपलब्ध : प्रियांक खड़गे

बेंगलूरू, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने जाति जनगणना को लेकर बड़ा बयान दिया है। खड़गे ने कहा कि जाति जनगणना की कोई रिपोर्ट नहीं है।

केवल राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की एक सामाजिक-आर्थिक रिपोर्ट उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या इसे अतिरिक्त विषय के रूप में मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा। हमारे पास जाति जनगणना करने की कोई शक्ति नहीं है। खड़गे के इस बयान ने जाति जनगणना के मुद्दे पर फिर से चर्चा शुरू कर दी है। कई नेता और सामाजिक संगठन इसे महत्वपूर्ण मानते हैं और इसकी मांग कर रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आतंकियों का हमला सेना पर फायरिंग

### *जवाबी कार्रवाई में तीन ढेर*

जम्मू, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आतंकियों ने सेना के वाहन को निशाना बनाया गया। इस दौरान कई राउंड फायरिंग की गई। ताजा जानकारी के मुताबिक, जवाबी कार्रवाई में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। सुरक्षा बल फिलहाल बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के अखनूर इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यहां बताया कि मुठभेड़ तब शुरू हुई जब आतंकवादियों ने सुबह सेना की एंबुलेंस पर गोलीबारी की थी। हालांकि, हमले में किसी के अभी तक घायल होने की खबर नहीं है। सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जिसके बाद दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। सूत्रों ने बताया कि तीन आतंकवादी मारे गए और उनके शव बरामद कर लिए गए हैं। फिलहाल, तलाशी अभियान जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक, आतंकी पहले मंदिर में घुस गए थे और एक मूर्ति को खंडित कर दिया। लेकिन वहां मौजूद लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाया। वहां से भागते वक्त आतंकियों ने सेना की एंबुलेंस पर फायरिंग कर दी। जम्मू एसएसपी ने कहा कि माना जा रहा है कि तीन आतंकवादी जम्मू जिले के अखनूर के अस्सान मंदिर के पास देखे गए।

## महाराष्ट्र चुनाव के लिए बीजेपी की तीसरी लिस्ट जारी : 25 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान

मुंबई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 25 उम्मीदवारों की अपनी तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस तरह बीजेपी ने अब तक कुल 146 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। उसने पहली लिस्ट में 99 और दूसरी लिस्ट में 22 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया था। इसके अलावा नांदेड़ लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी बीजेपी ने संतुक मारोतराव हंबर्डे को अपना प्रत्याशी बनाया है। महायुति गठबंधन ने अब तक 288 सीटों में से 260 पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। 28 सीटों पर अभी प्रत्याशी उतारे जाने बाकी हैं।

बता दें कि महायुति में बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी शामिल हैं। बीजेपी के 146 उम्मीदवारों के अलावा शिवसेना ने अब तक 65 और एनसीपी ने 49 सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। वहीं महा विकास अघाड़ी ने अब तक 259 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है और 29 सीटों पर अभी प्रत्याशी उतारे जाने बाकी हैं। एमवीए में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी और शरद पवार की एनसीपीएसपी शामिल हैं। शिवसेना यूबीटी ने 84, कांग्रेस ने 99 और एनसीपीएसपी ने 76 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

महाराष्ट्र की नागपुर-पश्चिम विधानसभा सीट से बीजेपी ने सुधाकर कोहले और नागपुर-उत्तर सीट से मिलिंद पांडुरंग माने को उम्मीदवार बनाया है। बोरीवली से मौजूदा विधायक सुनील राणे की जगह संजय

# क्या जस्टिन ट्रूडो आज पीएम पद से इस्तीफा देंगे?

### *> कनाडा की राजनीति में भूचाल आने वाला है*

टोरंटो, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। आज कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के लिए महत्वपूर्ण दिन है। उनकी पार्टी लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा के सांसदों ने आज के दिन तक उन्हें अपना पद छोड़ने की समयसीमा तय की थी।




सांसदों ने कहा था कि अक्टूबर 2025 में होने वाले चुनावों से ट्रूडो को दूर हो जाना चाहिए। इससे पार्टी के प्रदर्शन में सुधार होने की गुंजाइश जताई गई थी। पिछले बुधवार यानी 23 अक्टूबर को लिबरल सांसदों के साथ बंद कमरे में हुई बैठक में ट्रूडो को भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। तब लगभग 20 सांसदों ने ट्रूडो से पद छोड़ने और चौथा कार्यकाल न लेने का आह्वान करते हुए एक आंतरिक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। पिछले बुधवार को जस्टिन ट्रूडो ने पर्लियामेंट हिल पर पार्टी की कॉकस मीटिंग में बंद कमरे में अपने सांसदों से मुलाकात की। बैठक के बाद, कम से कम 24 सांसदों (जिनमें से कोई भी कैबिनेट सदस्य नहीं था) ने ट्रूडो को लिबरल नेता के रूप में पद छोड़ने के लिए कहने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एक सांसद ने बैठक के दौरान एक अलग दस्तावेज भी पढ़ा, जिसमें ट्रूडो के इस्तीफे के लिए एक तर्क दिया गया था।

**ट्रूडो पर पद छोड़ने का दबाव क्यो :**

ट्रूडो के पद छोड़ने के अपने तर्क में, सांसद ने लिखा कि अमेरिका में डेमोक्रेट्स को जो बाइडन को आगामी राष्ट्रपति चुनाव से हटाने से फायदा हुआ है।

इसी तरह, अगर ट्रूडो कनाडा के प्रधानमंत्री पद की दौड़ से पीछे हट जाते हैं तो लिबरल्स को फायदा हो सकता है। सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित पत्र को कॉकस मीट के दौरान पढ़ा गया, जिसमें ट्रूडो को आगामी चुनावों की दौड़ से अलग होने के लिए कई तर्क दिए गए। असंतुष्ट सांसदों ने ट्रूडो को अपना भविष्य तय करने के लिए 28 अक्टूबर तक का समय दिया।

## बीएसएफ के डीजी ने दक्षिण बंगाल का किया दौरा

कोलकाता, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक आईपीएस दलजीत सिंह चौधरी ने सीमा की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा और उन्हें तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कोलकाता का दो दिवसीय दौरा किया। इस यात्रा के दौरान, उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आईसीपी पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल के उद्घाटन में भी भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक की।

बीएसएफ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि दलजीत सिंह चौधरी ने बीएसएफ की सीमा पर परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता को लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। इन परियोजनाओं में सीमा चौकियां, सीमा पर बाड़ और सीमा पर सड़कों का निर्माण शामिल है, जो की सीमा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक हैं।

## एनआईए ने इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर साइबर विंग तैनात की

### *> बम की धमकी पर तुरंत एक्शन लेगी*
### *> 2 हफ्ते में 400 से ज्यादा धमकी मिलीं थीं*

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। दो हफ्ते में 400 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम की धमकी मिलने के बाद नेशनल इन्वेस्टिगेटिव एजेंसी (एनआईए) एक्शन में है। सोमवार को एनआईए ने इंटरनेशनल एयपोर्ट्स पर अपनी साइबर विंग के अफसरों को तैनात किया है।

यह अफसर फ्लाइट में बम की धमकी मिलते ही जांच शुरू कर देगी। धमकी देने वाले को ट्रेस करने से लेकर अफसर हवाई जहाज की भी सेफ्टी भी तय करेगी। इसके अलावा कई एयरपोर्ट्स पर बॉम्ब थ्रेट असेसमेंट कमेटी (बीटीएसी) की टीमें तैनात की गई हैं। एयरपोर्ट में सुरक्षा बढ़ाने के लिए एनआईए के साथ कई एजेंसियां काम कर रही हैं। ये एजेंसियां सेफ्टी प्रोटोकॉल तैयार करने में जुटी हैं। रविवार को तीन इंडियन एयरलाइंस की 50 फ्लाइट्स में बम की धमकी मिली थी। इनमें इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 फ्लाइट्स शामिल थीं। हालांकि जांच में ये सभी धमकियां झूठी निकली थीं। इस पर केंद्र सरकार ने इन धमकियों पर सख्त रवैया अपनाया था। आईटी मिनिस्ट्री ने 26 अक्टूबर को एडवाइजरी जारी कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा था कि अगर वे ऐसी झूठी सूचनाओं को फौरन नहीं हटाते हैं तो उन्हें आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द कर दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा था कि ऐसी सूचनाओं को तुरंत हटाकर इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी देनी होगी। पिछले दिनों प्लेन को मिली धमकियों की वजह से एयरलाइंस सर्विस बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इससे एविएशन मिनिस्ट्री को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। केंद्रीय सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायुडू ने रविवार 27 अक्टूबर को कहा था कि केंद्र सरकार बम की झूठी धमकियां देने वालों को उड़ान भरने से रोकने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रही है। इसके लिए सरकार कानूनों में संशोधन करने पर भी विचार कर रही है।

## 'मनी लॉन्ड्रिंग से आर्थिक पहलू होते हैं प्रभावित, जनता को भी होती है परेशानी'

चेन्नई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। मद्रास उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग आर्थिक पहलुओं को प्रभावित करती है, जिससे एक दुष्चक्र पैदा होता है, जिससे इसके परिणामी दुष्प्रभाव आम आदमी पर पड़ते हैं। इसलिए, इन अपराधों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच एक पूर्व शर्त थी।

प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से दायर याचिका को स्वीकार करते हुए, न्यायमूर्ति एस.एम. सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति वी. शिवगनम की खंडपीठ ने स्थानीय अदालत के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें लॉटरी कारोबारी एस मार्टिन और तीन अन्य के खिलाफ केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किया गया था। बता दें कि, सात करोड़ रुपये जब्त किए जाने के बाद, सीसीबी ने मार्टिन और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। इसके बाद ईडी ने पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया। मामले में पीठ ने कहा, स्थापित तथ्यों और विचार की गई कानूनी स्थिति ने हमें इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए मजबूर किया कि 14 नवंबर, 2022 को सीसीबी की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट को न्यायिक मजिस्ट्रेट-I, अलंदूर की तरफ से स्वीकार किया गया था।



# मुख्यमंत्री शिंदे ने रोड शो के बाद नामांकन भरा

> बारामती में डिप्टी सीएम अजित पवार का नॉमिनेशन > भतीजे युगेंद्र चुनाव मैदान में उतरे



मुंबई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे की कोपरी पाचपाखडी सीट से चुनाव लड़ने के लिए सोमवार सुबह नॉमिनेशन फाइल किया। नॉमिनेशन से पहले उन्होंने ठाणे में रोड शो भी किया था। डिप्टी सीएम अजित पवार ने भी सोमवार सुबह बारामती से नामांकन भर दिया है। इसी सीट से अजित के भतीजे युगेंद्र पवार एनसीपी-शरद गुट से उम्मदीवार हैं। युगेंद्र ने भी सोमवार सुबह ही नामांकन भरा। इस दौरान उनके साथ शरद पवार और सुप्रिया सुले भी मौजूद रहीं।

उधर, महिम सीट से महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की टिकट पर चुनाव लड़ रहे राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे ने भी नामांकन भर दिया है। इस दौरान उनके साथ उनके एमएनएस के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। नामांकन भरने की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर है।

**> शरद पवार बोले- 90 से 95% सीटों पर सहमति बनी**

शरद पवार ने कहा कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) राज्य की कुल 288 सीटों में से 90 से 95 प्रतिशत सीटों पर आम सहमति पर पहुंच गई है। हमारी लड़ाई उन लोगों के खिलाफ है जिन्होंने राजनीतिक दलों में फूट डाली और विचारधारा से समझौता किया। जो लोग सत्ता में हैं, उन्होंने लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया।

**> अजित बोले-हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार**

बारामती सीट से युगेंद्र के चुनाव लड़ने पर अजित पवार ने कहा- हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। जब भी मेरे खिलाफ कोई उम्मीदवार आता है तो मैं उसे मजबूत उम्मीदवार के तौर पर लेता हूं और उसी के हिसाब से प्रचार करता हूं। इस बार भी बारामती की जनता मुझे ही चुनेगी और मुझे उन पर पूरा भरोसा है।

**> महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को चुनाव, 23 नवंबर को रिजल्ट**

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को 2024 को खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र में महायुति यानी शिवसेना, भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है। एंटी इनकम्बेंसी और 6 बड़ी पार्टियों के बीच बंटने वाले वोट को साधना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगी।

**> लोकसभा चुनाव में भाजपा को 23 में से 9 सीटों पर जीत मिली थी**

2024 लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों में इंडिया गठबंधन को 30 और एनडीए को 17 सीटें मिलीं।। इनमें बीजेपी को 9, शिवसेना को 7 और एनसीपी को सिर्फ 1 सीट मिली। भाजपा को 23 सीटों का नुकसान हुआ। 2019 लोकसभा चुनाव से एनडीए को 41 सीटें मिली थीं। 2014 में यह आंकड़ा 42 था। यानी आधे से भी कम।

**> लोकसभा चुनाव के हिसाब से भाजपा को नुकसान का अनुमान**

2024 लोकसभा चुनाव के हिसाब से भाजपा 60 सीटों के आसपास सिमट जाएगी। विपक्षी गठबंधन के एक सर्वे में राज्य की 288 सीटों पर एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी को 160 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। भाजपा के लिए मराठा आंदोलन सबसे बड़ी चुनौती है। इसके अलावा शिवसेना और एनसीपी में तोड़फोड़ के बाद उद्धव ठाकरे और शरद पवार के साथ लोगों की सिम्पैथी है।



## युगेंद्र बोले-लड़ाई मुश्किल नहीं, लेकिन आसान भी नहीं



युगेंद्र ने कहा-अजित पवार के खिलाफ लड़ाई मुश्किल नहीं होगी, लेकिन आसान भी नहीं होगी। बारामती के लोग पवार साहब के साथ हैं। पवार साहब ने यही बात लोकसभा में भी दिखाई थी। यह काफी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि परिवार में यह सब हो रहा है। इसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव से हुई थी। पहले अजित पार्टी के संस्थापक और परिवार के मुखिया शरद पवार साहब के मार्गदर्शन में थे, लेकिन पिछले सालों में जो हुआ, उसे पूरे भारत ने देखा। पार्टी टूटने के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें चुनाव चिह्न भी दे दिया।

हालांकि, परिवार में हम सभी ने फैसला किया कि हमें पवार साहब के साथ रहना चाहिए, क्योंकि वे एनसीपी के संस्थापक हैं। वे परिवार के मुखिया हैं और उनकी वजह से न केवल बारामती बल्कि आसपास के सभी लोगों का विकास हुआ है।

## पुलिस दुर्व्यवहार के मामले सामने आने के बाद दो जिलों में सख्ती

### थानों में इन्हें पहनना होगा बॉडी कैमरा

भुवनेश्वर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा में पिछले महीने बेहद ही संजीदा मामला सामने आया था, जिसके बाद अब पुलिस सतर्क हो गई है। दरअसल, यहां के भुवनेश्वर-कटक पुलिस आयुक्तालय ने पुलिस स्टेशन के रिसेप्शन डेस्क के सभी कर्मियों को पुलिसकर्मियों और आगंतुकों दोनों के व्यवहार की जांच करने के लिए बॉडी कैमरा पहनने को कहा है। बता दें, पुलिस आयुक्तालय ने यह कदम भरतपुर थाने में पुलिसकर्मियों द्वारा एक महिला के साथ कथित यौन उत्पीड़न और एक सेना अधिकारी को प्रताड़ित करने के बाद उठाया है। इसके अलावा खंडगिरी थाने में भी एक महिला ने पुलिसकर्मी के साथ दुर्व्यवहार किया था।

**निर्देश किए गए लागू**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भुवनेश्वर के कुछ पुलिस स्टेशनों में रविवार को निर्देश लागू कर दिए गए हैं। जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, पुलिस आयुक्त एस देव दत्ता सिंह ने पुलिस स्टेशन के रिसेप्शन डेस्क के सभी कर्मियों को बॉडी कैमरा पहनने का निर्देश दिया है। पुलिस आयुक्तालय ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि इससे आगंतुकों के साथ पुलिस के व्यवहार की निगरानी होगी और जवाबदेही आएगी।

# जेपीसी की बैठक में जोरदार हंगामा, विपक्षी दलों ने किया वॉकआउट



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। वक्फ (संशोधन) विधेयक - 2024 पर विचार-विमर्श करने के लिए बुलाई गई जेपीसी की बैठक में सोमवार को भी जबरदस्त हंगामा हुआ। विपक्षी दलों के सांसदों ने आरोप लगाया कि बैठक में फर्जी प्रजेंटेशन दिया जा रहा है और इसी पर चर्चा भी कराई जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रजेंटेशन के दौरान विपक्षी दलों ने उसकी वैधता पर ही सवाल उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सांसदों की तरफ से तर्क दिया गया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पहले ही जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल को पत्र लिखकर यह अनुरोध कर चुकी हैं कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की रिपोर्ट का संज्ञान नहीं लिया जाए। बताया जा रहा है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की रिपोर्ट में वक्फ संपत्तियों को लेकर कई तरह की गड़बड़ियों का जिक्र किया गया है। विपक्षी दलों के इन आरोपों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच जोरदार बहस हुई। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने बैठक से वॉकआउट कर दिया। हालांकि थोड़ी देर बाद विपक्षी सांसद फिर से बैठक में शामिल हो गए। आपको बता दें कि, जेपीसी ने वक्फ संशोधन कानून पर सुझाव देने के लिए सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड, हरियाणा वक्फ बोर्ड, पंजाब वक्फ बोर्ड, उत्तराखंड वक्फ बोर्ड, सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीशों के समूह कॉल फॉर जस्टिस और वक्फ किराएदार कल्याण संघ को बुलाया है। अब जेपीसी की बैठक 29 अक्टूबर को भी होगी। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय के प्रतिनिधि मंगलवार को एक बार फिर से जेपीसी की बैठक में मंत्रालय की तरफ से अहम प्रजेंटेशन देंगे। आपको बता दें कि, जेपीसी की बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच लगातार तीखी बहस हो रही है। विपक्षी सांसद जहां सत्ता पक्ष के सांसदों के रवैए पर सवाल उठा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ सत्ता पक्ष के सांसद विपक्षी सांसदों के रवैए पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। इससे पहले , 22 अक्टूबर को हुई जेपीसी की बैठक के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने बैठक में हंगामे के माहौल के बीच टेबल पर रखी कांच की पानी की बोतल को टेबल पर पटक कर फोड़ दिया था। इससे कल्याण बनर्जी को चोट भी लग गई। इसके बाद उन्होंने बोतल के टूटे हुए हिस्सों को चेयरमैन की तरफ उछाल दिया था। उसी दिन, जेपीसी की बैठक में बहुमत के आधार पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी को उनके व्यवहार के लिए जेपीसी की बैठक से एक सत्र ( एक दिन ) के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' के जरिए आदिवासियों को कमजोर करने की कोशिश : सीएम मोहन यादव



इंदौर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि धर्म परिवर्तन, 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' जैसे कथित पैंतरों के जरिये आदिवासियों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है लेकिन राज्य सरकार ऐसे प्रयासों को नाकाम करने के लिए इस समुदाय के साथ है। सीएम यादव ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के भिलाला समुदाय के यहां आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में कहा कि आदिवासियों के भोलेपन का 'दुश्मन' कई बार नाजायज फायदा उठाता है और छोटी-छोटी बातों पर लोगों को लड़ाकर समुदाय में मतभिन्नता पैदा की जाती है. उन्होंने कहा,'जो दुश्मन है, वह जान-बूझकर ऐसे नाटक सामने ला रहा है. कोई धर्म परिवर्तन का नाटक लाएगा, तो कोई लव जिहाद और लैंड जिहाद का नाटक लाएगा. ये सारे नाटक आपको कमजोर करने के लिए हैं, लेकिन आप चिंता मत करो क्योंकि सरकार आपके साथ है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को कहा कि धर्म परिवर्तन, 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' जैसे कथित पैंतरों के जरिये आदिवासियों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है लेकिन राज्य सरकार ऐसे प्रयासों को नाकाम करने के लिए इस समुदाय के साथ है। सीएम यादव ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के भिलाला समुदाय के यहां आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में कहा कि आदिवासियों के भोलेपन का 'दुश्मन' कई बार नाजायज फायदा उठाता है और छोटी-छोटी बातों पर लोगों को लड़ाकर समुदाय में मतभिन्नता पैदा की जाती है।

## उम्मीदवार उतारने पर राउत की कांग्रेस को चेतावनी



मुंबई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में सियासी घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस और उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के बीच तनातनी चल रही है।

इस बीच, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने कांग्रेस को सोलापुर दक्षिण विधानसभा सीट से उम्मीदवार खड़ा करने को लेकर चेतावनी दी। दरअसल, इस सीट से शिवसेना (यूबीटी) पहले ही अपने उम्मीदवार की घोषणा कर चुकी है। राउत ने कहा कि अगर कांग्रेस इस सीट पर ऐसा कुछ करती है तो यह उकसाने का काम होगा और महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के लिए समस्याएं पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने अपनी नई सूची में सोलापुर दक्षिण सीट से अपने उम्मीदवार (दिलीप माणे) की घोषणा की है। यह तब हुआ है जब हम पहले ही अपना उम्मीदवार (अमर पाटिल) उतार चुके हैं। मैं इसे कांग्रेस द्वारा टाइपिंग की गलती मानता हूं। ऐसी गलती हमारी तरफ से भी हो सकती है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सुना है कि स्थानीय कांग्रेस नेता मिराज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए उत्सुक हैं, जो हमारे सीट-बंटवारे के फॉर्मूले का हिस्सा है।

# अगले साल शुरू हो सकता है जनगणना का काम, संप्रदाय को लेकर भी पूछे जाएंगे सवाल



नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार की तरफ से जनगणना कराए जाने को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि केंद्र सरकार चार साल की देरी के बाद 2025 में जनगणना शुरू करने जा रही है। इस जनगणना के आंकड़े साल 2026 में जारी किए जा सकते हैं। आमतौर पर हर दस साल में होने वाली जनगणना 2021 के लिए तय थी, लेकिन कोराना महामारी की वजह से इसे टालना पड़ा था। जनगणना के बाद लोकसभा सीटों का परिसीमन शुरू होगा और यह प्रक्रिया 2028 तक पूरी होने के आसार हैं।

अब जनगणना के चक्र में भी बदलाव की उम्मीद है। अब हर 10 साल में होने वाली जनगणा अगली बार 2035 में होगी। अभी तक जो चक्र था उसमें हर 10 साल में होने वाली जनगणना दशक के शुरुआत में होती आई थी जैसे 1991, 2001 और 2011। हालांकि, अब 2025 के बाद अगली जनगणना 2035, 2045, 2055 में होगी।

**संप्रदाय को लेकर भी किया जाएगा सवाल**

कुछ राजनीतिक दलों द्वारा जाति जनगणना की मांग के बावजूद फिलहाल सरकार की जाति जनगणना की इजाजत देने की कोई प्लानिंग नहीं है। जब जनगणना होती है तो धर्म और वर्ग के बारे में सवाल किया जाता है। जनरल, एससी और एसटी कैटेगरी की भी गणना होती है। इस बार लोगों से यह भी सवाल किया जा सकता है कि वे किस संप्रदाय के अनुयायी हैं। उदाहरण के तौर पर कर्नाटक में सामान्य वर्ग में आने वाले लिंगायत खुद को अलग संप्रदाय का मानते हैं। कांग्रेस, आरजेडी और कई अन्य दल जाति जनगणना की मांग काफी टाइम से कर रहे हैं। बिहार में जेडीयू जैसे बीजेपी के गठबंधन सहयोगियों ने भी इस बारे में बात की है, लेकिन केंद्र पर कोई दबाव नहीं डाला है। केंद्रीय स्तर पर आखिरी फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल पर छोड़ दिया गया है। बीजेपी की दूसरी सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी भी इस बात पर सहमत है कि जनगणना होनी चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी जाति जनगणना के पक्ष में है, लेकिन उन्होंने कहा कि इसका राजनीतिक फायदा लेने की कोशिश ना की जाए। 2011 के आंकड़ों के अनुसार, भारत की जनसंख्या 121.1 करोड़ है, जिसमें 52 प्रतिशत पुरुष और 48 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस जनगणना के दौरान ही भारत के इतिहास में पहली बार ट्रांसजेंडर की संख्या को भी ध्यान में रखा गया था।

## 8 करोड़ के लिए पति की हत्या

### 800 कि.मी. दूर जाकर जलाया; कोडागु के कॉफी एस्टेट में मिली थी लाश

कोडागु, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक पुलिस ने तेलंगाना के कॉफी व्यापारी की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। रमेश नाम के इस शख्स का शव कोडागु में एक काफी एस्टेट में जला हुआ मिला था। पुलिस ने हत्या को सुलझाने के लिए चार टीमें बनाई थीं। रमेश की दूसरी पत्नी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि महिला ने 8 करोड़ रुपए की संपत्ति हड़पने के लिए पति की हत्या की थी। फिर उसकी लाश को 840 किमी दूर ले जाकर जला दिया। दरअसल, रमेश ने एक प्रॉपर्टी बेची थी, जिसमें मिले 8 करोड़ पाने के लिए उसकी पत्नी ने हत्या की साजिश रची थी। मृतक रमेश कुमार, जिन्हें पत्नी निहारिका ने हत्या के बाद अपने दोस्तों के साथ मिलकर जला दिया। मृतक रमेश कुमार, जिन्हें पत्नी निहारिका ने हत्या के बाद अपने दोस्तों के साथ मिलकर जला दिया। मृतक की पहचान रमेश के रूप में हुई है। उनकी उम्र 54 साल थी। 8 अक्टूबर को कोडागु के एक कॉफी एस्टेट में एक अधजली लाश मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की थी।

## खबरें जरा हटके

### टीचर के आगे आर्किटेक्ट भी फेल! गाय के गोबर से बना दिया ऐसा घर इसके सामने बडे-बड़े महल भी बेकार



राजस्थान में अपनी संस्कृति को बचाने के लिए अनेकों संस्थाएं और लोग अपने-अपने स्तर पर काम कर रहे हैं. लेकिन अब इस मुहिम में प्राइवेट स्कूल टीचर भी साथ दे रहे हैं. नागौर जिले एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले अंग्रेजी के टीचर पुरानी परंपरा को आज सजोए हुए हैं. यह टीचर आज भी पुराने जमाने की तरह गोबर के मकान में रहता है. इस घर में गोबर से लीपे हुए आंगन और दीवारों के कमरे हैं. पक्के मकान के बीच गोबर का बना यह घर आकर्षण का मुख्य केंद्र भी है. यहां आते ही शहर के बीच में ढाणी के किसी घर में आने जैसा महसूस होने लगता है. नागौर के कुचामन शहर की इस घर में गोबर से लीपे आंगन और दीवारें, कमरों में भी केलूपोश और कच्चे चारे से बनी छत है. इस घर को रहने के हिसाब से ही डिजाइन किया गया है. निजी स्कूल के शिक्षक बजरंग कटिया ने खुद ने इस गोबर के घर को बनाया है. अंग्रेजी के शिक्षक होने के बावजूद अपनी संस्कृति व सुकून के लिए अपनी जिद और जुनून से बनाई अपने सुकून वाली दुनिया में है. बजरंग कांटिया की कुटिया राजस्थान की पारंपरिक संस्कृति और जीवन शैली को बनाए रखने का एक अहम उदाहरण है. उनके द्वारा अपनाई गई जीवनशैली भव्यता से दूर, एक साधारण और स्वदेशी तरीके से शांति और स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है।

**दीवारों पर बनाई पारंपरिक कलाकृतियां**

शिक्षक ने जीवन शैली को आधुनिकता से प्रभावित होने से बचाया है उनका घर राजस्थान की पारंपरिक कलाकृतियों और देशी साज-सज्जा से सुसज्जित है जिससे उन्हें न केवल सुकून मिलता है बल्कि वह अपनी संस्कृति और पारंपरिक विरासत को भी बनाए रखते हैं. उनके घर में मिट्टी के बर्तन, पारंपरिक सजावट, और दीवारों पर की गई चित्रकारी राजस्थान की गहरी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है. कुटिया के भीतर की दीवारों पर पारंपरिक राजस्थान की वारली शैली में बने सजावटी चित्र दिखाते हैं कि वह आधुनिक जीवनशैली से दूर रहकर अपने पारंपरिक मूल्यों से जुड़े हुए हैं. मिट्टी की बनी कुटिया प्राकृतिक रूप से ठंडक प्रदान करती है, जिससे गर्मियों में ठंडक और सर्दियों में गर्माहट रहती है।

### न हुई गाभिन न दिया बच्चा, फिर भी रोज़ाना दूध देती है ये अद्भुत गाय


**लोग मान रहे 'कामधेनु', डॉक्टर हैरान!**



आमतौर पर जितने भी स्तनधारी जीव होते हैं, वे तभी दूध देते हैं, जब उनका बच्चा जन्म लेता है. ये एक प्राकृतिक घटना है लेकिन उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले में एक ऐसा मामला सामने आया है, जो किसी चमत्कार से कम नहीं है. यहां पर एक ऐसी गाय है, जो बिना बछड़े को जन्म दिए ही रोज़ाना 4 लीटर दूध दे रही है. इस गाय को स्थानीय लोग 'कामधेनु' कह रहे हैं. ये मामला उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले में मौजूद तहसील पयागपुर का है. यहां गंगा तिवारी पुर गांव में एक गाय बिना बच्चा पैदा किए ही नियमित रूप से दूध दे रही है.

ऐसे में लोग इसे चमत्कार से जोड़कर देख रहे हैं. वे इसे कामधेनु गाय इसलिए कह रहे हैं क्योंकि हिंदू धर्म इस गाय को देवी का दर्ज़ा दिया जाता है. यह अद्भुत गाय सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉक्टर ओंकारनाथ त्रिपाठी के घर में है. वे गाय पालने के शौकीन हैं और उनकी गोशाला में 6-7 गायें पली हुई हैं. उनके मुताबिक गाय की उम्र करीब ढाई साल है और उन्हें 6 महीने पहले आभास हुआ कि गाय के थनों में दूध आ गया है. उन्होंने गोशाला में काम कर रहे कर्मचारी से दूध निकालने के लिए कहा. पहले गाय सिर्फ 250 मिलीलीटर दूध देती थी, लेकिन धीरे-धीरे ये बढ़ने लगा. जब दोनों टाइम दूध निकालना शुरू किया गया, तो गाय को दूध बढ़ते-बढ़ते 4 लीटर तक पहुंच गया. प्रोफेसर त्रिपाठी बताते हैं कि गाय उनकी गोशाला में ही जन्मी थी और यहीं पर पली-बढ़ी है. प्रोफेसर त्रिपाठी बताते हैं कि गाय साहीवाल नस्ल की संकर प्रजाति है. ये सामान्य गायों की तरह ही खाती-पीती है और इसे अलग से कुछ नहीं दिया जाता. इतना ही वे इसी गाय का दूध वे अपनी गोशाला की एक बछिया को भी पिलाते हैं क्योंकि उसकी मां की मृत्यु जन्म के बाद ही हो गई थी. उनका कहना है कि गाय के दूध में कोई बदलाव नहीं आता है लेकिन इसमें फैट की मात्रा ज्यादा है. उन्होंने गाय की सेहत के मद्देनज़र जब डॉक्टरों से बात की तो उन्हें इस बात पर भरोसा ही नहीं हुआ.

### धरती से लोगों का अपहरण कर रहे हैं एलियंस, चुरा रहे ये 'खास चीज', ताकि पैदा कर सकें 'इंसानी दैत्य'!



दुनियाभर में आए दिन एलियंस को लेकर अजीबोगरीब दावे किए जाते हैं. एक तरफ वैज्ञानिक अभी इस गुत्थी को सुलझाने में लगे हैं कि क्या दूसरे ग्रहों पर जीवन की संभावना है? तो कुछ लोग दूसरे ग्रहों पर एलियंस की मौजूदगी की बात करते हैं. इतना ही नहीं, इस तरह का दावा करने वाले लोग एलियंस से जुड़े सबूत भी पेश करते हैं. लेकिन हाल ही में अमेरिका के याले यूनिवर्सिटी के न्यू पैराडाइम इंस्टीट्यूट में हुए एक व्याख्यान में पेशे से वकील डैनी शीहान ने एलियंस और यूएफओ को लेकर सनसनीखेज दावा किया है. डैनी शीहान ने अपने दावे में कहा है कि एलियंस मनुष्यों का अपहरण करके उनके शुक्राणु और अंडे चुरा रहे हैं. डैनी शीहान ने हाल के हफ्तों में कई और विचित्र दावे किए हैं. डैनी ने एलियंस के साथ वास्तविक मुठभेड़ों के बारे में कथित सरकारी कवर-अप के विस्फोटक सबूत प्रदान करने में मदद की और कहा कि वह पृथ्वी पर मौजूद एलियन ठिकानों के बारे में जानते हैं. इतना ही नहीं, डैनी ने कहा कि उनके पास समुद्र तल के नीचे एक स्थान से सैकड़ों यूएफओ के "अंदर और बाहर" जाने के फुटेज भी मौजूद हैं. लेकिन मौजूदगी के अलावा इंसानों के अपहरण के पीछे जो उन्होंने दावा किया, वो चौंकाने वाला है.

# वानखेड़े में अश्विन रचेंगे इतिहास!

## अनिल कुंबले को छोड़ सकते हैं पीछे

मुंबई, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की आखिरी मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को जीतकर रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम सीरीज में क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी। टीम इंडिया पहले ही इस सीरीज को हार चुकी है अब तीसरा मैच जीतकर सीरीज को 2-1 पर खत्म करना चाहेगी। वहीं मुंबई टेस्ट में टीम इंडिया के दिग्गज स्पिन गेंदबाज आर अश्विन के ऊपर सभी की नजरें रहने वाली हैं। वानखेड़े के स्टेडियम पर आर अश्विन तीसरे टेस्ट मैच में इतिहास रचकर पूर्व दिग्गज भारतीय क्रिकेटर को पीछे छोड़ सकते हैं।



**अश्विन करेंगे ये बड़ा कारनामा!**

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर टेस्ट क्रिकेट में आर अश्विन के शानदार आंकड़े रहे हैं। वहीं अब अश्विन एक खास रिकॉर्ड को हासिल करने की दहलीज पर खड़े हैं। इस मैच में एक विकेट लेते ही अश्विन वानखेड़े में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। फिलहाल इस मामले में अश्विन भारतीय पूर्व दिग्गज अनिल कुंबले के साथ खड़े हैं।

अश्विन और अनिल कुंबले के नाम वानखेड़े स्टेडियम पर 38-38 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कपिल देव का नाम आता है। जिन्होंने इस मैदान पर 28 विकेट चटकाए थे। वहीं तीसरे नंबर पूर्व दिग्गज स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह 24 विकेट के साथ मौजूद हैं।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ ऐसा रहा प्रदर्शन**

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में आर अश्विन का प्रदर्शन उतना खास नहीं रहा है, जितनी उम्मीद टीम इंडिया ने उनसे की थी। बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आर अश्विन महज एक ही विकेट हासिल करने में कामयाब रहे थे। इसके बाद पुणे की स्पिन फ्रेंडली पिच पर अश्विन से टीम को काफी ज्यादा उम्मीदें थी। हालांकि बेंगलुरु टेस्ट के मुकाबले पुणे टेस्ट में अश्विन ने शानदार गेंदबाजी की थी। पुणे टेस्ट की पहली पारी में अश्विन ने 3 विकेट चटकाए थे, जबकि दूसरी पारी में उनको 2 विकेट ही मिल पाए थे।

# चिराग चिकारा ने जीता स्वर्ण, भारतीय पहलवानों ने नौ पदक के साथ समाप्त किया अभियान

तिराना, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। चिराग पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं और उन्होंने किर्गिस्तान के अब्दिमलिक काराचोव को करीबी फाइनल मुकाबले में 4-3 के अंतर से हराया। चिराग पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद दूसरे भारतीय पुरुष पहलवान हैं जिन्होंने अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। पहलवान चिराग चिकारा ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। चिराग तीसरे भारतीय जो इस टूर्नामेंट के चैंपियन बनकर उभरे हैं। भारत ने इस तरह कुल नौ पदकों के साथ इस आयु वर्ग के टूर्नामेंट में अपना अभियान समाप्त किया।



चिराग पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं और उन्होंने किर्गिस्तान के अब्दिमलिक काराचोव को करीबी फाइनल मुकाबले में 4-3 के अंतर से हराया।

चिराग पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद दूसरे भारतीय पुरुष पहलवान हैं जिन्होंने अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। सहरावत ने 2022 में इस प्रतियोगिता के इसी वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि रीतिका हुडा पिछले साल 76 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। रवि कुमार दहिया ने 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।

चिराग ने फाइनल में पहुंचने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में गौकोटो ओजावा को 6-1 से, अंतिम आठ चरण में इयुनुस इवबातीरोव को 12-2 से और सेमीफाइनल में एलन ओरलबेक को 8-0 से हराया। पुरुषों की फ्रीस्टाइल श्रेणी में भारत के पदकों में दो कांस्य पदक भी शामिल हैं। इससे वह 82 अंक लेकर टीम तालिका में ईरान (158), जापान (102) और अजरबैजान (100) से पीछे चौथे स्थान पर है। भारत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल में दो और कांस्य पदक जीते, जिससे इस वर्ग में देश के पदकों की संख्या चार हो गई।

विक्की ने पुरुषों की 97 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और यूक्रेन के यूरोपीय जूनियर चैंपियन इवान प्राइमाचेंको को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता।

विक्की ने पहले दौर में जॉर्जिया के मेरब सुलेमानिश्विली को और क्वार्टरफाइनल में मोल्दोवा के राडू लेफ्टर को हराया था लेकिन सेमीफाइनल में वह ईरान के महदी हाजीलोइयन मोराफा से हार गए थे।

# *पिकल बॉल:* अरमान भाटिया और हर्ष मेहता ने पुरुष युगल खिताब जीता

## रोमैन-मिचेल को 2-0 से दी मात

नई दिल्ली 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में आयोजित पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स के प्रो(ओपन) पुरुष युगल के फाइनल मुकाबले में भारत की अरमान भाटिया और हर्ष मेहता की जोड़ी ने अमेरिका के रोमैन स्ट्रेजा और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल हरग्रेव्स की जोड़ी को 11-3, 11-2 के अंतर से सीधे गेम में 2-0 के अंतर से मात देकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत के अरमान भाटिया तीन वर्ग के फाइनल में पहुंचे थे और वो तीनों में खिताबी जीत हासिल करने में सफल रहे।

अरमान भाटिया इडिया मास्टर्स 2024 के असली स्टार बनकर उभरे। उन्होंने पुरुष एकल और मिक्स्ड डबल्स खिताब भी अपने नाम किए।

**भारतीय जोड़ी ने 11-3 से जीता पहले गेम**

भारत के अरमान भाटिया और हर्ष मेहता की जोड़ी ने पुरुषों के युगल



मुकाबले में अमेरिका के रोमैन स्ट्रेजा और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल हरग्रेव्स की जोड़ी के खिलाफ पहले गेम में शानदार शुरुआत की। दोनों ने पहले गेम में जल्दी ही 5-2 की बढ़त बना ली। धीरे-धीरे ये बढ़त 10-2 की हो गई और अंत में थोड़ी मशक्कत के बाद 11-3 से पहला गेम अपने नाम करके मैच में 1-0 की बढ़त बना ली।

**दूसरे गेम में 11-2 से जीती बाजी**

दूसरे गेम में भी अरमान हर्ष की जोड़ी ने शानदार शुरुआत की और 3-0 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने जल्दी ही स्कोर को 6-1 तक पहुंचा दिया। कुछ देर यही स्कोर बना रहा। लेकिन इसके बाद दोनों टीमों ने 1-1 अंक हासिल किए और स्कोर 7-2 हो गया। इसके बाद जल्दी ही भारतीय जोड़ी ने 11-2 से गेम और खिताब दोनों अपने नाम कर लिया।

# डब्ल्यूटीटी चैंपियंस के क्वार्टर फाइनल में लगा मनिका बत्रा को झटका, चीन की कियान ने हराया


खेल डेस्क 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ फ्रांस के मोंटपेलियर में चल रहे डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को शनिवार रात हुए मुकाबले में सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।



राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। डब्ल्यूटीटी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वालीं पहली भारतीय मनिका ने शुक्रवार को दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट जोक्स को 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी।

## 'बार्सिलोना की मैड्रिड पर जीत की भारत में चर्चा '

# पीएम मोदी ने स्पैनिश फुटबॉल को लेकर दिया बयान





वडोदरा, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड परिसर में सी-295 विमान निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने स्पैनिश फुटबॉल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्पैनिश फुटबॉल को भारत में काफी पसंद किया जाता है और कई लोग उसे फॉलो करते हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने हाल ही में बार्सिलोना और रियल मैड्रिड फुटबॉल क्लब के बीच हुए एल क्लासिको मैच का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मैंने सुना है कि योग स्पेन में भी बहुत लोकप्रिय है। स्पेन की फुटबॉल को भारत में भी काफी पसंद किया जाता है। भारत में रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच मैच की भी चर्चा रही। बार्सिलोना की शानदार जीत की चर्चा भारत में भी हुई और मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि स्पेन की तरह भारत में भी दोनों क्लबों के प्रशंसकों के बीच इस मैच को लेकर बहस हुई।'

रॉबर्त लेवानदॉस्की के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को कैंप नू में खेले गए मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड पर 4-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ मैड्रिड का ला लीगा में 42 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। टीम 2017-18 में बनाए बार्सिलोना के रिकॉर्ड से एक मैच पीछे रह गई। कार्लो एंसेलोटी की टीम की पिछले साल 23 सितंबर से ला लीगा में यह पहली हार है।

पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद लेवानदॉस्की (54वें और 56वें मिनट) ने तीन मिनट में दो गोल दागकर बार्सिलोना को 2-0 की बढ़त दिलाई। लेमिन यमाल (77वें मिनट) और राफिन्हा (84वें मिनट) ने भी इसके बाद गोल दागकर बार्सिलोना की आसान जीत सुनिश्चित की। अन्य मुकाबलों में विलारीयाल ने वेलाडेलिड को 2-1 से हराया जबकि रेयो वालेकानो और लास पालमास ने एल्वेस और गिरोना को 1-0 के समान अंतर से शिकस्त दी।

# अफगानिस्तान टीम ने पहला टूर्नामेंट जीता

## इमर्जिंग एशिया कप में श्रीलंका को हराया, किसी भी फॉर्मेट या ऐज ग्रुप में पहला खिताब

मस्कट, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान-ए ने पहली बार इमर्जिंग एशिया कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने अल अमीरात स्टेडियम में खेले गए फाइनल में श्रीलंका-ए को 7 विकेट से हराया।

अफगानिस्तान क्रिकेट की यह ऐतिहासिक जीत है। टीम का क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट या ऐज ग्रुप टूर्नामेंट में यह पहला खिताब है।

अफगानिस्तान-ए की टीम ने साल 2017 और 2019 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। इस बार वह पहली बार फाइनल में पहुंचे और खिताब भी जीत लिया।

मैच में श्रीलंका के कप्तान नुवानिदु फर्नांडो ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले खेलते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन बनाए और अफगानिस्तान की टीम



को जीत के लिए 134 रन का टारगेट दिया। जवाब में अफगानिस्तान ने 18.1 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने इस टूर्नामेंट के सभी 5 मैचों में अर्धशतक लगाए।

**सेदिकुल्लाह की नॉटआउट हाफ सेंचुरी**

अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल नाबाद 55 रन बनाए। करीम जनत ने 33 रन की पारी खेली। मोहम्मद इशाक ने नाबाद 16 रन बनाए। सहान अराचिगे, दुशान हेमंथा और ईशान मलिंगा को 1-1 विकेट मिला।

सहान ने नाबाद 64 रन बनाए

श्रीलंका-ए की शुरुआत काफी खराब रही और इस टीम के 4 विकेट सिर्फ 15 रन के स्कोर पर गिर गए। यहां से सहान अराचिगे ने टीम के लिए अहम पारी खेली। उन्होंने अर्धशतक लगाया। वे 47 बॉल पर 64 रन बनाए। पवन रत्ननायके ने 20 रन का योगदान दिया। निमेश विमुक्ति ने भी 23 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान-ए के लिए बिलाल सामी ने 3 जबकि अल्लाह गजनफर ने 2 सफलता हासिल की।

**सेमीफाइनल में भारत को हराकर फाइनल में पहुंचा था अफगानिस्तान**

अफगानिस्तान की टीम ने भारत को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। जबकि श्रीलंका ने पाकिस्तान की टीम को हराकर फाइनल का सफर तय किया था।

**पाकिस्तान और श्रीलंका ने दो-दो खिताब जीते**

एसीसी मेंस इमर्जिंग एशिया कप का यह छठा सीजन रहा। पाकिस्तान और श्रीलंका ने दो-दो खिताब जीते हैं। वहीं एक बार भारत ने जीता है। भारत ने 2013 में पाकिस्तान को हराकर टाइटल जीता था।

**दोनों टीमें की प्लेइंग-11**

श्रीलंका-ए : नुवानिदु फर्नांडो (कप्तान), लाहिरू उदारा (विकेटकीपर), यशोदा लंका, अहान विक्रमसिंघे, सहान अराचिगे, पवन रथनायके, रमेश मेंडिस, दुशान हेमंथा, निमेश विमुक्ति, निपुण रंसिका और ईशान मलिंगा।

अफगानिस्तान-एः दरविश रसूली (कप्तान), जुबैद अकबरी, सेदिकुल्लाह अटल, मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), शराफुद्दीन अशरफ, शाहिदुल्लाह कमाल, करीम जनत, अल्लाह गजनफर, कैस अहमद, अब्दुल रहमान और बिलाल सामी।


# पाकिस्तान कोच गैरी कर्स्टन ने इस्तीफा दिया

## 6 महीने पहले संभाला था पद; पीसीबी ने ऑस्ट्रेलिया टूर के लिए गिलेस्पी को कोच बनाया

इस्लामाबाद, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की वनडे और टीम टी-20 टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने रिजाइन दे दिया है। 56 साल के कर्स्टन और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच मतभेद हो गए थे। वहीं, पीसीबी ने जेसन गिलेस्पी को ऑस्ट्रेलिया टूर में टीम का कोच बनाया है।

पीसीबी ने सोमवार को बयान जारी कर कहा- 'गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे पर पाकिस्तान मेंस क्रिकेट टीम के कोच होंगे। गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा सौंप दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।'

कर्स्टन ने 6 महीने पहले अप्रैल-2024 में पाकिस्तानी टीम के कोच बनाए गए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तानी टेस्ट टीम का कोच बनाया गया था। दोनों ने 2 साल का कॉन्ट्रैक्ट



साइन किया था। गैरी कर्स्टन ने 2011 में भारत को 28 साल के लंबे इंतजार के बाद वनडे वर्ल्ड कप जिताया था।

पीसीबी ने सिलेक्शन के अधिकार छीने पीसीबी ने कर्स्टन और गिलेस्पी से टीम के चयन संबंधी अधिकार छीन लिए थे। ये अधिकार केवल एक चयन समिति के पास थे।

कप्तान के नाम पर सहमति नहीं एक दिन पहले पीसीबी ने मो. रिजवान को वनडे और टी-20 टीम का नया कप्तान बनाया है। कर्स्टन चाहते थे कि उनकी राय पर विचार किया जाए। इसी चर्चा के कारण टीम और नए सीमित ओवरों के कप्तान की घोषणा में देरी हुई।

खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे थे मौजूदा चयन समिति के बढ़ते प्रभाव के कारण कोच खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे थे। इंग्लैंड से पहला टेस्ट हारने के बाद PCB ने तीन महीने में तीसरी बार एक नए चयन पैनल की घोषणा की। इसमें आकिब, अलीम डार, अजहर अली, असद शफीक और हसन चीमा शामिल थे। जबकि कोच और कप्तान को हटा दिया गया।

वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद पीसीबी ने सपोर्ट स्टाफ में कई बदलाव

आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद पीसीबी ने अपने सपोर्ट स्टाफ में कई बदलाव किए। टीम वनडे वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाइ नहीं कर सकी थी।

हाल ही में मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने भी अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। आर्थर को अप्रैल 2023 में पाकिस्तान मेंस क्रिकेट टीम का निदेशक नियुक्त किया गया था। ब्रैडबर्न को पिछले साल की शुरुआत में टीम का मुख्य कोच घोषित किया गया था।

# बीजीटी से पहले ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट प्लेयर्स को आराम दिया

## पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 टीम का ऐलान, कप्तान का नाम नहीं

मेलबर्न, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले अपने टेस्ट प्लेयर्स को आराम दिया है। सीए की सिलेक्शन कमेटी ने सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम जारी की। इस टीम के कप्तान का ऐलान नहीं किया गया है, जल्द ही टीम के कप्तान का नाम तय होगा।

ऑस्ट्रेलियाई टीम को 22 नवंबर से भारत के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलनी है, जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से बहुत अहम है। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर्स ने टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला लिया है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के खिलाफ 3 टी-30 मैचों की सीरीज 14 नवंबर से खेलेगी। जो 18 नवंबर को समाप्त होगी।

**बर्टलेट, एलिस और जॉनसन की वापसी**




टीम में जेवियर बर्टलेट, नाथन एलिस और सपेंसर जॉनसन की वापसी हुई है। वहीं, कप्तान पैट कमिंस, मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। मार्श और हेड वनडे सीरीज भी नहीं खेलेंगे।

**कई प्लेयर्स में कैप्टनशिप की क्षमताः जॉर्ज बेली**

ऑस्ट्रेलियाई टीम की सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन जॉर्ज बेली ने कहा कि कप्तान पर फैसला सीरीज से पहले किया जाएगा। उन्होंने कहा- 'मुझे लगता है कि कई खिलाड़ी कप्तानी करने की क्षमता रखते हैं और कुछ को इसका अनुभव भी है। हम इस पर काम करेंगे।'

कप्तानी कर चुके ग्लेन मैक्सवेल, एडम जम्पा, मैथ्यू शॉर्ट और अरोन हार्डी नेशनल टीम का कप्तान बनने के दावेदार हैं। जबकि जोश इंगलिस भी अपने नेतृत्व और सामरिक कौशल के कारण एक मजबूत उम्मीदवार हैं, जिन्हें पर्थ स्कॉर्चर्स के उप-कप्तान के रूप में देखा जा रहा है।

**बोरोवेक और हॉज भी कॉर्यभार संभालेंगे**

सहायक कोच आंद्रे बोरोवेक कार्यभार संभालेंगे। वे पिछले साल अक्टूबर में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की 5 मैचों की टी-20 सीरीज में टीम के साथ रहे थे।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ब्रैड हॉज भी बतौर सहायक कोच टीम से जुड़ सकते हैं। हॉज जून में कोचिंग सलाहकार के रूप में टी20 वर्ल्ड कप टीम के साथ दौरा कर चुके हैं।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 टीम**

सीन एबॉट, जेवियर बर्टलेट, कूपर कोनली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जैक फेजर-मैकगर्क, एरोन हार्डी, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोयनिस और एडम जम्पा।

# मोमोज खाने से महिला की मौत, 50 लोग अस्पताल में भर्ती





हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बंजारा हिल्स में सड़क किनारे एक फूड स्टॉल पर मोमोज खाने से एक महिला की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य बीमार हो गए। सोमवार को कुछ पीड़ितों ने बंजारा हिल्स पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने एक स्टॉल से मोमोज खाए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और मोमोज बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। रेशमा बेगम (31), उनके बच्चे और सिंगदकुंटा बस्ती के कई अन्य लोगों ने शुक्रवार को मोमोज खाए। शनिवार को उन्हें उल्टी और दस्त होने लगे और वे बंजारा हिल्स के विभिन्न अस्पतालों में गए। रेशमा बेगम की हालत गंभीर होने पर उन्हें निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एनआईएमएस) में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। अधिकारियों को संदेह है कि मोमोज के अलावा मेयोनीज और चटनी के कारण भी भोजन विषाक्त हो सकता है। इस बीच, पेड्डापल्ली जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की लगभग 36 छात्राएं संदिग्ध भोजन विषाक्तता के कारण बीमार हो गईं। यह घटना रविवार रात मुथारम मंडल मुख्यालय में घटी। छात्राएं खांसी और सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित थीं। सभी को पेड्डापल्ली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के. प्रमूद कुमार के अनुसार खांसी और सांस लेने में तकलीफ को छोड़कर सभी छात्रों की हालत स्थिर है।

फूड पॉइजनिंग की संभावना से इनकार करते हुए डीएमएचओ ने कहा कि अगर छात्रों ने जहरीला खाना खाया होता तो उन्हें उल्टी और दस्त की शिकायत होती। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि खांसी के अलावा किसी छात्र ने उल्टी और दस्त की शिकायत नहीं की। अस्पताल पहुंचे चिंतित अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन ने छात्रों से परिसर में घास हटाने को कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल स्टाफ ने छात्रों से घास हटाने को कहने से पहले कीटनाशकों का छिड़काव किया और कीटनाशकों के संपर्क में आने से वे बीमार पड़ गए।

# 13 आईएएस अफसरों का तबादला

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने आदेश जारी कर 13 आईएएस का तबादला कर दिया है। आदेश के अनुसार नारायण रेड्डी को रंगा रेड्डी, इला त्रिपाठी को नलगोंडा, हनुमंत राव को यद्राद्री का जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार टी.के. श्रीदेवी को नगर निगम विभाग का निदेशक नियुक्त किया गया है। मंदा मकरंदु सीसीएलए के परियोजना निदेशक, के. हनुमंतुलु पर्यटन निदेशक, शशांक तेलंगाना प्राथमिकता परियोजना आयुक्त, एस. हरीश आई एंड पीआर के विशेष आयुक्त, विनय कृष्ण रेड्डी आर एंड आर भूमि अधिग्रहण आयुक्त, के.चंद्रशेखर रेड्डी डेयरी कॉर्पोरेशन के एमडी नियुक्त, एस. दिलीप को निज़ामाबाद का नगर आयुक्त नियुक्त किया गया। इसी तरह अपर आयुक्त वाणिज्यिक कर के पद पर निखिल चक्रवर्ती को अतिरिक्त जिम्मेदारी गई। आयशा मसर्रत खानम गृह मंत्रालय का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया।

# जीएचएमसी की पूर्व प्रमुख आम्रपाली, 2 अन्य आईएएस अधिकारियों को आंध्र प्रदेश में मिली नियुक्ति

अमरावती, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्ववर्ती आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद तेलंगाना में काम कर रहे आईएएस अधिकारियों को केंद्र के निर्देश के बाद दूसरे तेलुगु राज्य में स्थानांतरित कर दिया गया है। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की पूर्व आयुक्त के आम्रपाली को आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। उन्हें एपी पर्यटन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पूर्ण अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

तेलंगाना के महिला, बाल, विकलांग और वरिष्ठ नागरिक विभाग की पूर्व प्रधान सचिव वकती करुणा को आंध्र प्रदेश के स्वास्थ्य, चिकित्सा और परिवार कल्याण विभाग का आयुक्त बनाया गया है। उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

आईएएस अधिकारी वाणी प्रसाद को आंध्र प्रदेश में श्रम विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। ये तीन आईएएस अधिकारी उन पांच लोगों में शामिल थे, जिनमें ऊर्जा विभाग के पूर्व प्रधान सचिव रोनाल्ड रोज़ और एटीआर जिले की कलेक्टर श्रीजना गुम्माला शामिल थीं, जिन्होंने तेलंगाना उच्च न्यायालय, केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) और सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया था कि उन्हें उसी राज्य में सेवारत रखा जाए, जहां वे कार्यरत हैं। शीर्ष अदालत ने हाल ही में उन्हें अपने गृह राज्य में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है।

इसके अतिरिक्त, जी वाणी मोहन, जो आंध्र प्रदेश के पुरातत्व विभाग में आयुक्त के रूप में कार्यरत थे, को तेलंगाना में सेवा मामलों के प्रमुख सचिव के रूप में सामान्य प्रशासन विभाग में स्थानांतरित और तैनात किया गया है।

# ईमानदारी और विचार प्रक्रिया को मजबूत करने से महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल होंगी : गजानन माल्या

## दक्षिण मध्य रेलवे ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

## सतर्कता बुलेटिन 'अनिमिशा' का 57वां संस्करण जारी



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2024 मना रहा है, जिसका विषय सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि है- राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति। सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने के लिए, आज रेल निलयम, सिकंदराबाद में एक उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। दक्षिण मध्य रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक गजानन माल्या ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, एससीआर, नीरज अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक, एससीआर और जे. विनयन, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, एससीआर, प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत महाप्रबंधक, एससीआर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गजानन माल्या ने महाप्रबंधक और अपर महाप्रबंधक, एससीआर के साथ मिलकर सतर्कता बुलेटिन अनिमिशा के 57वें संस्करण का विमोचन किया। यह बुलेटिन दक्षिण मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इस अवसर पर बोलते हुए, दक्षिण मध्य रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक गजानन माल्या ने जोन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की और दक्षिण मध्य रेलवे के समग्र प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने दुनिया में विकसित और उभरती अर्थव्यवस्था के संदर्भ में जीडीपी के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में देश में सकारात्मक वास्तविकताओं और संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्र की समृद्धि के लिए सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में विभिन्न उपायों पर भी जोर दिया। उन्होंने सतत विकास के लिए संगठनों के मूल मूल्यों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने चाणक्य के प्राचीन काल से लेकर ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक के साथ आधुनिक तकनीक से संचालित दुनिया के वर्तमान युग तक सतर्कता के महत्व को सामने रखा। उन्होंने रेलवे जैसे सरकारी संगठन में दिन-प्रतिदिन के कामकाज में कुशल पेशेवरों के उत्कृष्ट गुणों के साथ महत्वपूर्ण परिणामों के लिए ईमानदारी, विचार प्रक्रिया को मजबूत करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए, दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने संगठन द्वारा 3 महीने के अभियान के लिए फोकस क्षेत्रों के रूप में निवारक सतर्कता गतिविधियों को पूरा करने के लिए पूरे जोन को कवर करने में सावधानीपूर्वक योजना बनाने के लिए एससीआर सतर्कता विंग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम यानी, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की प्रस्तावना के रूप में एससीआर मुख्यालय में आयोजित प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की सराहना की, जिसमें प्रशिक्षण संस्थानों के प्रिंसिपल, वरिष्ठ प्रशिक्षक, प्रशिक्षक और एससीआर के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने रेलवे के कामकाज में ईमानदारी और कुशल व्यावसायिकता के साथ निर्णय लेने में ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता के पालन के महत्व पर प्रकाश डाला।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर सत्यनिष्ठा की शपथ



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया। जिसमें बीडीएल कमोडोर ए माधवराव (रिटायर्ड) ने कहा कि, बीडीएल द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन का एकमात्र लक्ष्य संगठन एवं उसके विस्तारित समुदायों के भीतर सत्यनिष्ठा व ईमानदारी की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

इस जागरूकता सप्ताह को 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक बीडीएल की सभी इकाइयों में मनाया जाएगा। जिसमें इस वर्ष का विषय राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति है, जो राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने में अखंडता की भूमिका पर जोर देता है। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन का प्रारंभ बीडीएल के कॉर्पोरेट कार्यालय से बीडीएल अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक कमोडोर ए. माधवराव (सेवानिवृत्त) द्वारा दिलाई गई सत्यनिष्ठा शपथ के साथ हुई। यह शपथ बीडीएल की कंचनबाग, भानुर और विशाखापट्टनम इकाइयों और विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारियों द्वारा भी ली गई।

निदेशक (तकनीकी) श्रीनिवास राव अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी शामिल हुए। इन कार्यक्रमों के तहत निम्न योजनाओं में कर्मचारियों, उनके जीवनसाथी और स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए निबंध लेखन, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन और पोस्टर बनाने जैसी प्रतियोगिताएं आदि शामिल है।

# भारतीय वन सेवा के तीन अधिकारियों का तबादला

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सरकार ने सोमवार को भारतीय वन सेवा के तीन अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जोगुलम्बा सर्कल के मुख्य वन संरक्षक एन. क्षितिजा को तेलंगाना अनुसूचित जाति सहकारी विकास निगम के प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए अनुसूचित जाति विकास विभाग में स्थानांतरित किया गया है। वन उप संरक्षक वी.वी.एल. सुभद्रा देवी को ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त (शहरी जैव विविधता) विंग के पद पर नियुक्ति के लिए नगर प्रशासन और शहरी विकास विंग में स्थानांतरित किया गया है। सिद्दीपेट जिले के राजन्ना सर्कल के फ्लाइंग स्क्वाड पार्टी के सहायक वन संरक्षक और वन मंडल अधिकारी जी. ज्ञानेश्वर को विकाराबाद में जिला वन अधिकारी के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

# डीजीपी ने तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो का दौरा किया

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। डीजीपी डॉ. जितेन्द्र ने समीक्षा बैठक के लिए तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) का दौरा किया। निदेशक, सुश्री शिखा गोयल, आईपीएस ने डीजीपी का गर्मजोशी से स्वागत किया और ब्यूरो का दौरा कराया, संचालन में विभिन्न कार्यात्मक इकाइयों के बारे में बताया। इसके अलावा, उन्होंने ब्यूरो की पहल और संचालन के बारे में निदेशक सुश्री शिखा गोयल के साथ चर्चा की। बैठक के दौरान, निदेशक ने टीजीसीएसबी के उद्देश्यों का अवलोकन प्रदान किया, जिसमें मौजूदा कार्यात्मक इकाइयों का पुनर्गठन, पीटी वारंट निष्पादन के लिए संयुक्त संचालन इकाई का गठन, अपराधों से संबंधित उनकी गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए आदतन साइबर अपराधियों पर संदिग्ध शीट खोलना, खच्चर खातों से संबंधित मुद्दों का समाधान करना और साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अन्य राज्यों में टीमों को तैनात करना शामिल है।

चर्चा का एक मुख्य आकर्षण नवंबर में आगामी साइबर जागरूकता दिवस था, जो साइबर सुरक्षा के बारे में वरिष्ठ नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। डीजीपी ने अपने संबोधन में टीजीसीएसबी को राज्य में जांच अधिकारियों के लिए एक सहायता केंद्र के रूप में कार्य करने का सुझाव दिया, जिसमें टिकट जुटाने के मॉड्यूल को अपनाकर राज्य में पुलिस इकाइयों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक प्रणाली बनाकर तकनीकी सहायता शामिल है।



करमनघाट हनुमान मंदिर स्थित श्री खेतेश्वर सेवा समिति द्वारा 3 नवंबर को आयोजित सुन्दरकान्ड के भव्य आयोजन में बत्तौर सम्मानित अतिथि मलकाजगिरी सांसद इटेला राजेन्द्र, चेरलापल्ली सेन्ट्रल जैल डीएसपी डी. कालीदास, हयतनगर पार्षद के. जीवन रेड्डी, भाजपा नेता सोहनसिंह राजपुरोहित को निमंत्रण देते हुए सेवा समिति के सुमेरसिंह राजपुरोहित, भूपेन्द्रसिंह, ए. वेन्कट, परबत सोलंकी, किरनसिंह, हनुमानसिंह राजपुरोहित व अन्य।

# प्राणहिता से तीसरे बच्चे का शव बरामद

कुमराम भीम आसिफाबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को प्राणहिता नदी में डूबे तीसरे युवक का शव सोमवार को बेज्जुर मंडल के सोमिनी गांव से बरामद किया गया। बेजूर पुलिस ने बताया कि मोइज (20) का शव नदी से बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिरपुर (टी) मंडल के सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। मोइज उन तीन युवकों में से एक था जो शनिवार को नदी में डुबकी लगाते समय दुर्घटनावश डूब गए थे। जहीर हुसैन (22) और इरशाद (19) के शव रविवार को बरामद किए गए। तीनों बेजूर मंडल केंद्र के थे। इरसाद और मोइज़ चचेरे भाई थे, जबकि जहीर उनका दोस्त था। जहां जहीर और इरशाद एक फुटवियर की दुकान चलाते थे, वहीं मोइज़ बेज्जुर में एक मोबाइल फोन की दुकान में काम कर रहे थे।



शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स, सोमाजीगुडा में जुटी खरीद्दारों की भीड़। इन दिनों यहाँ पर धनतेरस व दिपावली के मद्देनजर आभूषणों पर भारी छूट दी जा रही है। इसका लाभ लेते हुए ग्राहक।

# श्री वैष्णव कैटरर्स मिठाईयों का दिपावली सेल



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बेगम बाजार स्थित महेश्वरी भवन में श्री वैष्णव स्वीटस् एंड कैटरर्स द्वारा धनतेरस व दिपावली के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति उच्च क्वालिटी की स्वादिष्ट मिठाईयां, नमकीन उचित दाम पर सम्मानित ग्राहकों के लिए उपलब्ध करायी जा रही है।

प्रबंधक सुरेश महाराज ने बताया कि धनतेरस, दिपावली के अवसर पर उच्च क्वालिटी की विशेष मिठाईयां कलकता बादाम कतली, स्पेशल काजू कतली, अंजीर रोल, काजु केसर कतली, दानेदार बादाम चक्की, गुलाब जामुन, बेसन चक्की, मोतीचूर लड्डू, बालुशाही, स्पेशल नवरतन नमकीन, अंजीर ड्राई फ्रूट चक्की व गोंद के लड्डू विशेष रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है।

ग्राहकों से निवेदन है इस पावन अवसर पर आपका भरोसा हमारी पहचान, क्वालिटी के साथ कोई समझौता नहीं, एक बार पधारकर सेवा का मौका देवे।

# पुलिस आयुक्त ने हैदराबाद में 'निषेधाज्ञा' पर दिया स्पष्टीकरण

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने सोमवार को स्पष्ट किया कि शहर में निषेधाज्ञा लागू करने संबंधी जारी अधिसूचना का दिवाली उत्सव से कोई संबंध नहीं है। रविवार को निषेधाज्ञा लागू करने को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ लोगों द्वारा दिए गए बयानों के बाद, सीवी आनंद ने कहा कि कुछ अन्य समूह हैं जो विभिन्न प्रकार के आंदोलन, सचिवालय, सीएम आवास, डीजीपी कार्यालय, राजभवन आदि पर आश्चर्यजनक छापेमारी की योजना बना रहे हैं। हमारे पास इसके बारे में खुफिया जानकारी है और यह अधिसूचना ऐसे तत्वों को गिरफ्तार करने में किसी भी पुलिस कार्रवाई को कानूनी समर्थन देने के लिए है। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त ने कहा कि पूरे देश में पुलिस द्वारा जरूरत के हिसाब से ऐसा किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह कोई कर्फ्यू नहीं है जैसा कि कुछ लोग झूठा दावा कर रहे हैं। इसलिए निश्चिंत रहें। हैदराबाद पुलिस ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है, जिसके तहत एक महीने के लिए पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, जुलूस और रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश 27 अक्टूबर शाम 6 बजे से लागू हो गया और 28 नवंबर शाम 6 बजे तक लागू रहेगा।

# पंजाब नैशनल बैंक द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना के प्रोत्साहन हेतु समीक्षा बैठक



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नैशनल बैंक, हैदराबाद अंचल द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना के प्रोत्साहन हेतु अंचल प्रमुख दीपक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मण्डल प्रमुखों के साथ ही रिटेल, कृषि, एमएसएमई, वसूली, मार्केटिंग वर्टिकल्स के प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हैदराबाद अंचल तेलंगाना, आंध्र प्रदेश व कर्नाटक राज्य में अपनी सेवाओं के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान दे रहा है। अंचल प्रमुख द्वारा पीएम सूर्य घर योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएमईजीपी, पीएम स्वनिधि, पीएमएफ़एमई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई आदि सरकार समर्थित योजनाओं के प्रसार पर विशेष ज़ोर दिया गया। उप अंचल प्रमुख संजय गोविंद राव माने ने कहा कि ग्राहकों को बैंक के उत्पाद एवं सेवाओं की जानकारी देना हमारा मुख्य दायित्व होना चाहिए। इस अवसर पर राजभाषा व स्थानीय भाषा संवर्द्धन को समर्पित पुस्तिका 'पीएनबी भाषा सारथी' का भी विमोचन किया गया।

# गंभीर खांसी से पीड़ित छात्र पेड्डापल्ली अस्पताल में भर्ती

पेड्डापल्ली, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मुथारम की 53 छात्राएं, जिन्हें गंभीर खांसी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद पेड्डापल्ली सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, धीरे-धीरे ठीक हो रही हैं। सोमवार को आईटी और उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू ने उनसे मुलाकात की और बताया कि 10 डॉक्टर और 20 स्टाफ नर्स उनका इलाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि सभी की हालत स्थिर है। उन्होंने छात्रों के पूरी तरह ठीक होने तक उपचार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कुछ छात्रों को सर्दियों के दौरान सांस संबंधी समस्या होने का मेडिकल इतिहास है। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्रों के लिए ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# मानू मॉडल स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रीय विज्ञान मेले में पुरस्कार जीता



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (मानू) मॉडल स्कूल, हैदराबाद के छात्रों ने 24 अक्टूबर को चेन्नई के पूनमल्ले स्थित सना मॉडल स्कूल में मुस्लिम शैक्षणिक संस्थानों और तमिलनाडु संघों द्वारा आयोजित 17वें राष्ट्रीय विज्ञान मेले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता-सादिया बेगम और मिर्जा जोया बेगम ने जीवन विज्ञान श्रेणी में "चावल और गेहूं के बीजों में बीज अंकुरण और अंकुर मापदंडों पर यूवी-सी विकिरण का प्रभाव" विषय पर अपनी परियोजना प्रस्तुत की। यह परियोजना श्री वसीम उद्दीन, एमडी, पीजीटी-बायोटेक्नोलॉजी की देखरेख में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि डॉ. अब्दुल वासी मोहम्मद, वैज्ञानिक एवं निदेशक एसयूईएमपी चैरिटेबल ट्रस्ट, हैदराबाद और डॉ. सैयद रिजवान, वैज्ञानिक एवं निदेशक सुआरिज़ क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया। स्कूल शिक्षक वसीम उद्दीन एमडी, पीजीटी-बायोटेक्नोलॉजी ने छात्र का पर्यवेक्षण किया। प्रिंसिपल डॉ. कफिल अहमद ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। देश के विभिन्न हिस्सों से आए छात्रों ने प्राथमिक, मध्य, जूनियर और वरिष्ठ श्रेणियों के तहत अपने शोध आधारित विज्ञान प्रोजेक्ट कार्य प्रस्तुत किए।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com




VIJAY KUMAR
(Appointed Jewellery valuer by Govt of India)

VIJAY VITHALDAS
PVT LTD

HANDCRAFTING FINE JEWELLERY SINCE 1864

Vithaldas Chambers
6-3-1090/2, Rajbhavan Road
Somajiguda, Hyderabad-500082
Telangana, India

+91 78 9396 9900
+91 91 3333 8151
+91 40 6610 1654
+91 40 6610 4642

8-2-293/82/NG/A
Nandagiri Co-op. Society Ltd.
Nandagiri Hills, Jubilee Hills
Hyderabad-500033,Telangana,
India

+91 40 6529 3029

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
Sintex by Welspun
करण गेहलोत, महेन्द्र गेहलोत
ashirvad by aliaxis
GANESHMARKETING
The home of trust...
Dammaiguda Main Road, Hyderabad
9441079213, 9491381689, 7093433334
प्रबंधक
ताराराम गेहलोत
अध्यक्ष श्री राम गौशाला, गजनीपुरा
P.Solankey

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
SYLVINA FAUCET
CERA
LUSTRE by CERA
CERA Sanitaryware | Faucets | Tiles
CERA Style Gallery
KRISHNA MARKETING
Dammaiguda Main Road, Hyderabad
9441112214, 6301622215
मोटाराम वरपा,मगाराम वरपा
P.Solankey

समाज बन्धुओं को धनतेरस एवं दिपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
: अध्यक्षा :
: सलाहकार :
अध्यक्षा सीरवी महिला मंडल एवं
सलाहकार सीरवी समाज तेलंगाना
पारसीगुटा हैदराबाद
सुशीला देवड़ा
जसवंत देवड़ा
J. N. Paints & Hardware Towli Choki
MahaLakshmi Marketing Manikonda Hyderabad

समाज बन्धुओं को धनतेरस एवं दिपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
कार्यकारिणी सदस्य
सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
एवं सीरवी महिला मंडल तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
सरस्वती ग्रूप
(गोल्ड एंड सिल्वर शोरुम)
किशनलाल राठौड़
प्रबंधक
अनिता राठौड़
SARASWATI GOLD
WHOLESALER OF : GOLD ORNAMENTS
SSP Saraswati SILVER PALACE
WHOLESALER OF: ALL SILVER ARTICLES, LEGCHAINS
SARASWATI JEWELS
WHOLESALER OF GOLD & SILVER ORNAMENTS
पॉट मार्केट सिकंदराबाद 9494252517

धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक बधाई
धर्माराम ढाका
प्रदेशाध्यक्ष
तेलंगाना जाट एकता मंच
सहसचिव तेलंगाना पॉन ब्रोकर्स
एंड ज्वैलर्स एसोशिएशन
ढाका निवास शिवरामपल्ली 9000310009

धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएँ
भैराराम काग
9490763858
गौभक्त
( सुनिल, दिनेश काग )
जय भवानी हार्डवेयर, इलेक्ट्रीकल्स हायतनगर
P.Solankey

समाज बन्धुओं व शुभचिंतकों को धनतेरस व दिपावली
की हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएँ
श्रीमती गौरीदेवी काग
पंचायत समिति सदस्या रायपुर
जिला संयोजक - बेटी बचाओ बेटी पढाओ पाली
अध्यक्षा - विकास एवं उत्पादन समिति रायपुर
चेलाराम काग
उपाध्यक्ष-1 सीरवी समाज शमशाबाद
(हेमा ज्वैलर्स राजेन्द्रनगर
हैदराबाद)

शुभ दीवाली
ashirvad by aliaxis
धनतेरस - दिपावली
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ
Water Storage Tank
Built on quality, trust, and a legacy
spanning over two decades.
ashirvad
दुनिया के सबसे अधिक बिकने वाले
CPVC पाईप्स एवं फिटिंग्स uPVC कॉलम पाईप्स
: Ashirvad Distribution Partner :
प्रबंधक
SRI JAI BHAVANI MARKETING
HYDERABAD & WARANGAL
महेन्द्र चौधरी, Ph.No: 94400 67447
96761 36053, 93984 75203
P.Solankey

धनतेरस व दिपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
sadava neer
Packaged Drinking Water
स्वस्तिक फूड्स एंड बेवरेजेज
वेरा सदावा, जाणुन्दा, मारवाड़ जंक्शन जिला-पाली 306021(राज.)
शादी-विवाह, इवेन्ट्स एवं अन्य अवसर पर ऑर्डर के लिए सम्पर्क करें:
राजेन्द्र (रामलाल) सीरवी- 9602086258, 6350587842
: शुभकामनाओं सहित : राजलक्ष्मी इन्टरप्राईजेस,
प्लॉट नं.296, उशोदया कॉलनी, गाजुलारामाराम रोड़, जीडिमेटला, हैदराबाद
7901410055, 8008431528, 9440842115
P.Solankey

धनतेरस व दिपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
गुलाबसिंह राजपुरोहित
बी.आर.एस. युवा नेता
आपके घर में लक्ष्मी गणेश का वास हो,
जीवन से अंधेरा दूर हो,
हर खुशी आपके द्वार पर दस्तक दे,
और आपकी जिंदगी में खुशियों की महफिल सज जाए...
त्रिभुवन ज्वैलर्स
अमीरपेट हैदराबाद
P.Solankey


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.